

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।


गर्मियों में घर पर बनाएं ये 5 तरह...8




दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

मंगलवार, 16 मई 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 145 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## 71,000 युवाओं को मिलेगी सरकारी नौकरी

### आज नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे प्रधानमंत्री

नई दिल्ली। देश में रोजगार को लेकर केंद्र की मोदी सरकार कई बड़े कदम उठा रही है। इन सब के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 16 मई, 2023 को सुबह 10:30 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लगभग 71,000 नव नियुक्त भर्तियों को नियुक्ति पत्र वितरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री इन नियुक्तियों को भी संबोधित करेंगे। रोजगार मेला देश भर में 45 स्थानों पर आयोजित किया जाएगा। इस पहल का समर्थन करते हुए केंद्र सरकार के विभिागों के साथ–साथ राज्य सरकारोंध्संघ शासित प्रदेशों में भर्तियां की जा रही हैं। जानकारी के मुताबिक ये नई भर्तियां केंद्र सरकार के विभिन्न विभागों व मंत्रालयों के साथ ही राज्य सरकारों व केंद्र शासित प्रदेशों में ग्रामीण डाक सेवक, डाक निरीक्षक, वाणिज्यिक–सह–टिकट क्लर्क, जूनियर




क्लर्क–सह–टाइपिस्ट, जूनियर लेखा क्लर्क, ट्रैक मेंटेनर, सहायक अनुभाग अधिकारी, लोअर डिवीजन क्लर्क, सब डिवीजनल ऑफिसर, कर सहायक, सहायक प्रवर्तन अधिकारी, निरीक्षक, नर्सिंग अधिकारी, सहायक सुरक्षा अधिकारी, फायरमैन, सहायक लेखा अधिकारी, संभागीय लेखाकार, लेखा परीक्षक, कांस्टेबल, हेड कांस्टेबल, सहायक कमांडेंट, प्रधानाचार्य, प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक, सहायक रजिस्ट्रार, सहायक प्रोफेसर आदि पदों पर होंगी। पीएमओ ने कहा कि रोजगार मेला, रोजगार सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है। बयान में कहा गया है, ''रोजगार मेला रोजगार सृजन में उत्प्रेरक के रूप में कार्य करेगा और युवाओं को उनके सशक्तिकरण और राष्ट्रीय विकास में भागीदारी के लिए सार्थक अवसर प्रदान करेगा।''

## सेवा की राजनीति से मिलता है वोट

### नितिन गडकरी बोले:अगले चुनाव में वो पोस्टर–बैनर नहीं लगाएंगे

नई दिल्ली। भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने सोमवार को ष्सेवा की राजनीतिष पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वह अगले चुनाव में अपने निर्वाचन क्षेत्र में कोई पोस्टर नहीं लगाएंगे या लोगों को चाय की पेशकश नहीं करेंगे। उन्होंने जोर देकर कहा कि वोट ष्पोस्टर और बैनरष के बजाय ष्सेवा की राजनीतिष के आधार पर जीते जाते हैं। गडकरी राजस्थान के सीकर जिले के खाचरियावास गांव में पूर्व उपराष्ट्रपति भैरोंसिंह शेखावत की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। गडकरी ने कहा कि उन्होंने पिछला चुनाव बहुत कठिन निर्वाचन क्षेत्र (नागपुर) से लड़ा था और लोगों ने उन्हें वहां से चुनाव नहीं लड़ने के लिए कहा था, लेकिन वह दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़े। भाजपा नेता ने कहा कि अब मैंने तय किया है कि अगले चुनाव में मैं कोई पोस्टर या बैनर नहीं लगाऊंगा, मैं किसी को चाय नहीं दूंगा और न ही कुछ करूंगा। जो लोग मुझे वोट देना चाहते हैं वे ऐसा करेंगे और जो नहीं करना चाहते हैं, वे नहीं करेंगे। उन्होंने विश्वास



जताया कि वह पिछली बार की तुलना में बड़े अंतर से चुनाव जीतेंगे। केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री ने कहा कि ष्सेवा की राजनीतिष की अवधारणा आरएसएस के विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा लाई गई थी, और उन्होंने इस अवधारणा पर अपनी राजनीति को परिभाषित किया। उन्होंने कहा कि राजनीति की सबसे बड़ी समस्या विचारों का खालीपन है। भैरों सिंह शेखावत सिद्धांतों पर कायम रहे और उन्होंने अपनी विचारधारा से कभी समझौता नहीं किया। नितिन गडकरी ने कहा कि शेखावत के लिए राजनीति लोगों की सेवा करने का माध्यम और सामाजिक–आर्थिक सुधार का एक साधन थी। उन्होंने कहा कि उपाध्याय ने भाजपा को राष्ट्रवाद की विचारधारा दी जो पार्टी की आत्मा है।"राष्ट्र सर्वोपरि है। हमें देश के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम करना है।श उन्होंने कहा कि सुशासन और विकास हमारा मिशन है। उपाध्याय ने अंत्योदय की अवधारणा दी जिसका अर्थ है विकास को अंतिम व्यक्ति तक ले जाना। हमारा उद्देश्य उन लोगों को भोजन, आश्रय, वस्त्र प्रदान करना है जो सामाजिक, आर्थिक और शैक्षिक रूप से हाशिए पर हैं। उन्होंने साफ तौर पर कहा कि जब हम ऐसा करने में सक्षम होंगे, तो हमारा मिशन पूरा हो जाएगा।

## अरुणाचल प्रदेश में भारत के अंतिम गांव किबिथू में शुरु हुई 4जी सेवा

ईटानगर। अरुणाचल प्रदेश




में भारत–तिब्बत सीमा पर स्थित भारत के अंतिम गांव किबितू में शनिवार को मोबाइल सेवा प्रदाता कंपनी एयरटेल ने सफलतापूर्वक गांव के लोगों के लिए 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी सेवा की शुरुआत की। यह गांव राज्य के अंजॉ जिले में स्थित है और जिला मुख्यालय हवाई से लगभग 70 किमी उत्तर में है। मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने कहा कि यह लोगों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया एक बड़ा कदम है। उन्होंने ट्विटर पर लिखा, यह एक साधारण फोन या वीडियो कॉल नहीं है, बल्कि भारत के पहले गांव, किबिथू के लोगों को निर्बाध कनेक्टिविटी प्रदान करने के उद्देश्य से उठाया गया एक बहुत बड़ा कदम है। खांडू ने कहा, यह खुशी की बात है कि यूनिवर्सल सर्विस फंडेड स्कीम के तहत किबिथू में 4जी नेटवर्क चालू कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी वह गुजरात में हैं और किबिथू के लोगों से बात कर पा रहे हैं, जिसे कभी सुदूर गांव कहा जाता था। उन्होंने ट्वीट किया, आज मैं गुजरात में बैठा हूं और अभी सुदूर गांव के मेरे लोग मुझसे आसानी से बात कर रहे हैं। वाकई बहुत अच्छा लग रहा है। स्थानीय विधायक दसांगलू पुल ने कहा कि उनके विधानसभा क्षेत्र के गांव के लोगों का यह सपना लंबे समय से था जो अब साकार हुआ।

## न्यायालय ने गंगा,यमुना नदियों की सफाई से जुड़ी याचिका पर सुनवाई से किया इनकार

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने गंगा और यमुना नदियों



को साफ करने और उनके कायाकल्प के लिए कार्य योजना की निगरानी करने का निर्देश देने के अनुरोध वाली याचिका पर विचार करने से सोमवार को इनकार कर दिया और कहा कि इसके लिए एक विशेष अधिकरण है। प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति पी. एस. नरसिम्हा और न्यायमूर्ति जे. बी. पारदीवाला की पीठ ने याचिकाकर्ता से राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) का रुख करने को कहा। पीठ ने कहा, '' आप एनजीटी के पास क्यों नहीं जाते? इसके लिए एक विशेष अधिकरण है। हम इस पर विचार करने के इच्छुक नहीं हैं।'' शीर्ष अदालत नदियों को साफ करने और उनके कायाकल्प के लिए कार्य योजना की निगरानी का निर्देश देने की मांग करने वाली स्वामी गुरचरण मिश्रा की याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

## मैं डरने और दबने वाला नहीं हूं सचिन पायलट ने रखी यह मांग, बोले: अगर नहीं मानी गई तो पूरे प्रदेश में आंदोलन करेंगे

जयपुर। राजस्थान में इस वक्त राजनीतिक हलचल तेज है। राजस्थान में इस साल विधानसभा चुनाव होने हैं। लेकिन कांग्रेस के लिए परिस्थितियां लगातार खराब होती जा रही हैं। दरअसल, कांग्रेस के दो वरिष्ठ नेता मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट आमने–सामने हैं। सचिन पायलट जन संघर्ष यात्रा निकाल रहे थे। आज अपने जन संघर्ष यात्रा के दौरान उन्होंने एक बार फिर से भ्रष्टाचार को लेकर बड़ी बात कही है। उन्होंने साफ तौर पर कहा है कि भ्रष्टाचार के खिलाफ हमारी यह लड़ाई जारी रहेगी। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि हमारी कथनी और करनी में फर्क नहीं होना चाहिए।




उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ कार्रवाई को लेकर मैंने चिट्ठी लिखी लेकिन अब तक इस पर कुछ नहीं हुआ। माना जा रहा है कि सचिन पायलट अपनी ही सरकार को लेकर यात्रा निकाल रहे हैं। फिलहाल इस यात्रा पर चर्चा राजस्थान में जबरदस्त तरीके से गर्म है। सचिन पायलट ने कहा कि राजस्थान में दावा किया जाता है कि सरकार दोबारा रिपीट नहीं करती है। लेकिन हमें सरकार बनाकर दिखानी है। आज सचिन पायलट का जन संघर्ष यात्रा खत्म हो रहा है। इस दौरान वह अपना संबोधन दे रहे थे। उन्होंने हुंकार भरते हुए साफ तोर पर कहा है कि मैं किसी पद पर रहूं या ना रहूं। राजस्थान की जनता की सेवा करता रहूंगा। डरने वाला नहीं हूं दबने वाला नहीं हूं। आपके लिए लड़ा हूं और लड़कर रहूंगा। उन्होंने सरका कि हमने सरकार के समक्ष अपनी मांगे रखी हैं और अगर इस महीने के आखिर तक यह मानी नहीं जाती है तो हम पूरे प्रदेश में हम आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि अभी तक गांधीवादी तरीके से अपनी बात रख रहे थे। सचिन पायलट ने अपना हमला जारी रखते हुए साफ तौर पर कहा कि 2013 में हमारे पार्टी के सिर्फ एक किस विधायक रह गए थे। सोनिया गांधी ने उनसे बुलाकर कहा था कि आप अध्यक्ष बनो। सचिन पायलट ने कहा कि हमने 5 साल तक वसुंधरा राज्य की सरकार के खिलाफ जबरदस्त विरोध किया। हमने उनकी नीतियों का विरोध किया।

## मणिपुर के मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने कुकी इलाकों के लिए अलग प्रशासन की मांग ठुकरायी

इंफाल। मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने पूर्वोत्तर राज्य के कुकी बहुल जिलों के लिए अलग प्रशासन की 10 विधायकों की मांग सोमवार को यह कहते हुए खारिज कर दी कि ''मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी।'' उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं कि 'सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन' नामक शांति समझौते पर हस्ताक्षर करने वाले उग्रवादी अपने निर्धारित शिविरों में लौट जाएं। सिंह केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात करने के लिए रविवार को दिल्ली गए थे। मुख्यमंत्री ने लोगों से



इस महीने की शुरुआत में बहुसंख्यक मेइती और कुकी समुदायों के बीच हुए जातीय दंगों के बाद राज्य के संवेदनशील दौर से गुजरने के मद्देनजर लोगों से धरना या रैलियां न करने की भी अपील की। उन्होंने यह भी कहा कि दंगों के बीच राज्य में राजमार्गों पर कुछ समूहों द्वारा लगाए गए अवरोधकों को हटाने के लिए बल का प्रयोग नहीं किया जाएगा और इसके बजाय ''इन प्रदर्शनकारियों के साथ बातचीत करने के प्रयास किए जाएंगे।'' यहां एक संवाददाता सम्मेलन में पत्रकारों से बातचीत में सिंह ने कहा, ''मैं लोगों को आश्वस्त करता हूं कि मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता की हर कीमत पर रक्षा की जाएगी।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''सस्पेंशन ऑफ ऑपरेशन्स (एसओओ) समूहों को उनके शिविरों में वापस भेजने तथा राज्य में सामान्य स्थिति बहाल करने के प्रयासों को मजबूती देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की निगरानी में कदम उठाए जा रहे हैं।''

## कर्नाटक में अपने विधायकों को भाजपा की खरीद–फरोख्त से बचाए कांग्रेस :माकपा

तिरुवनंतपुरम। केरल में सत्तारूढ़ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने सोमवार को कांग्रेस पर कटाक्ष करते हुए उससे कर्नाटक के अपने नवनिर्वाचित विधायकों को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की खरीद–फरोख्त से बचाने को कहा जैसा कि 'भारत जोड़ो यात्रा' के बीच गोवा में कथित तौर पर हुआ था। माकपा ने कहा कि कांग्रेस अकेले अपने दम पर भाजपा का मुकाबला नहीं कर सकती। उसने 2024 के आम चुनावों में भाजपा को हराने के लिए राज्यवार गठबंधन की पैरवी की। माकपा के प्रदेश सचिव एम वी गोविंदन ने कहा, ''राष्ट्रीय स्तर के गठबंधन से मदद नहीं मिलेगी। हमें राज्य स्तर पर सभी भाजपा



विरोधी समूहों को एकजुट करने तथा प्रत्येक राज्य में भाजपा को हराने की आवश्यकता है। आगे बढ़ने का केवल यही एक रास्ता है।'' मुख्यमंत्री पिनरायी विजयन ने भी एक दिन पहले ऐसी ही रणनीति का सुझाव दिया था। गोविंदन ने कहा, ''हर कोई कांग्रेस को जानता है, हर कोई जानता है कि कर्नाटक इकलौता राज्य है जहां वे प्रभावी तौर पर चुनाव लड़ सकते थे। अन्य जिन राज्यों में वे प्रभावी तौर पर चुनाव लड़ सकते हैं वे गुजरात, राजस्थान तथा कुछ ऐसे ही राज्य हैं।'' उन्होंने कहा, ''लेकिन ऐसे राज्य भी हैं जहां कांग्रेस कमजोर स्थिति में है, बल्कि अब उनमें अंदरुनी मतभेद भी हैं।'' माकपा के प्रदेश सचिव ने कहा कि कांग्रेस को अपने विधायकों को भाजपा द्वारा खरीद–फरोख्त किए जाने की कथित कोशिशों से सतर्क रहते हुए कर्नाटक के लिए मुख्यमंत्री तथा कैबिनेट मंत्रियों का फैसला करने पर ध्यान देना चाहिए।






## मुंबई समुद्री राजमार्ग क्षेत्र में बनेगी छत्रपति संभाजी महाराज की विशाल प्रतिमा, नामकरण किए जाने की भी हुई घोषणा

नई दिल्ली। तटीय राजमार्ग, जो मुंबई की जीवन रेखा है, का नाम छत्रपति संभाजी महाराज के नाम पर रखे जाने की घोषणा मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को की। गेटवे ऑफ इंडिया पर छत्रपति संभाजी महाराज जयंती महोत्सव के आयोजन पर मुख्यमंत्री शिंदे ने जानकारी दी। पर्यटन मंत्री मंगलप्रभात लोढ़ा, स्वास्थ्य मंत्री प्रो. मंच पर डॉ. तानाजी सावंत, विधायक प्रकाश सुर्वे, विधायक यामिनी जाधव, राजमाता जीजाऊ के वंशज विजयराव जाधव और संयोजक उपस्थित थे।



राज्य सरकार किलों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है: मुख्यमंत्री शिंदे ने आगे कहा, छत्रपति संभाजी महाराज का कार्य और बलिदान नई पीढ़ी का मार्गदर्शन और प्रेरणा दे रहा है। प्रदेश में दुर्गों के संरक्षण के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। छत्रपति संभाजी महाराज के समाधि स्थल वढू बुद्रुक और तुळापुर दोनों की विकास योजना को क्रियान्वित किया जा रहा है।

### छत्रपति शिवाजी महाराज का राज्याभिषेक समारोह भव्य होगा

मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया पर पहली बार छत्रपति संभाजी महाराज की जयंती मनाना खुशी की बात है। महोत्सव के माध्यम से उनकी स्मृति प्रेरक और स्फूर्तिदायक है तथा शिव शंभुराया के कार्य और योगदान को याद करना हर्ष का विषय है। छत्रपति संभाजी महाराज जयंती महोत्सव देशभर में मनाया जाएगा। मुख्यमंत्री श्री. शिंदे ने इस अवसर पर बताया कि राज्य सरकार छत्रपति शिवाजी महाराज के राज्याभिषेक समारोह को भव्य बनाने की तैयारी कर रही है।

# संकल्पों के साथ मनाया गया कबीर साहित्य सेवा संस्थान का 11वां स्थापना दिवस

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। कबीर साहित्य सेवा संस्थान का ग्यारहवां स्थापना दिवस सोमवार को कलेक्ट्रेट परिसर में वरिष्ठ कवि सत्येन्द्रनाथ मतवाला की अध्यक्षता में मनाया गया। इस मौके पर संस्थान के अध्यक्ष सामईन फारूकी ने कहा कि पिछले 11 वर्षो में संस्थान की ओर से सृजन के अनेक कार्य किये गये, भविष्य में इसका विस्तार किया जायेगा।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख समाजसेवी डा. वी.के. वर्मा ने कहा कि कबीर साहित्य सेवा संस्थान महात्मा कबीर से प्रेरणा लेकर जन–जन को एकजुट करने का जो प्रयास कर रहा है वह आज की प्रमुख आवश्यकता है।वरिष्ठ कवि डा. रामकृष्ण लाल जगमग ने कहा कि समाज की विकास यात्रा में संस्थानों का विशेष महत्व है। कबीर साहित्य सेवा संस्थान निरन्तर सक्रिय है और गंगा जमुनी तहजीब को समृद्ध करने में निरन्तर प्रयास किये जा रहे हैं जो आज की आवश्यकता है। अध्यक्षता कर रहे सत्येन्द्रनाथ मतवाला ने कहा कि आज जब जाति, धर्म, मजहब के नाम पर आये दिन इंसानियत लहूलुहान हो रही है ऐसे संस्थानों का महत्व बढ गया है जो विषम परिवेश में कौमी एकता की अलख जगा रहे हैं।कबीर साहित्य सेवा संस्थान के ग्यारहवे स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम का संचालन करते हुये वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम प्रकाश शर्मा ने संस्थान के गतिविधियों पर प्रकाश डाला। कहा कि समाज में वैमनस्यता दूर करने की दिशा में किये जा रहे प्रयास स्वागत योग्य है। पं. चन्द्रबली मिश्र, दशरथ प्रसाद यादव, विनय कुमार श्रीवास्तव, दीपक सिंह प्रेमी, चन्द्रमोहन श्रीवास्तव, आर.के. सिंह पटेल आदि ने कहा कि कबीर के पथ पर चलना सहज नहीं है फिर भी हमें इसी समन्वय का मार्ग चुनना होगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक कुमार वर्मा, हरिकेश प्रजापति, राजेन्द्र सिंह 'राही' परमात्मा प्रसाद निर्दोष, कृष्णचन्द्र लाल, विनय कुमार मौर्य आदि उपस्थित रहे। अंत में संस्थान के अध्यक्ष सामईन फारूकी ने उपस्थित जनों के प्रति आभार ज्ञापन किया।



# यूपी इन्वेस्टर समिट में रजिस्टर्ड केसरी गौशाला व डेयरी का हुआ उद्घाटन

## महंत कमल नयन दास शास्त्री ने किया केसरी गौशाला व डेयरी का उद्घाटन

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर । बलरामपुर नगर के शारदाकुंज में पूर्व कैबिनेट मंत्री हनुमंत सिंह के निज आवास परिसर में केसरी गौशाला एवं डेयरी के नवनिर्मित मिल्क प्रोसेसिंग प्लांट का उद्घाटन छोटी छावनी अयोध्या के उत्तराधिकारी महंत कमल नयन दास शास्त्री द्वारा किया गया । उक्त अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री हनुमंत सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंह, पूर्वसांसद जिला पंचायत अध्यक्ष श्रावस्ती दद्न मिश्रा, सदर विधायक पल्टूराम, विधायक तुलसीपुर कैलाशनाथ शुक्ला, उतरौला विधायक राम प्रताप वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष राकेश सिंह, पूर्व चेयरमैन वरिष्ठ भाजपा नेत्री कुसुम चौहान, नगरपालिका बलरामपुर अध्यक्ष डा धीरेंद्र प्रताप सिंह धीरू, उतरौला नगरपालिका के नवनिर्वाचित अध्यक्ष अनूप चंद्र गुप्ता, शिव प्रताप सिंह, सहित तमाम गणमान्य जन उपस्थित रहे । बलरामपुर नगर का ये पहला अत्याधुनिक डेयरी है जो १००० एल एच पी की क्षमता रखता है इससे प्रत्यक्ष रूप से दर्जनो लोगो को रोजगार मिला है अप्रत्यक्ष रूप से सैकड़ो पशुपालकों किसानों को रोजगार मिला है संस्था के अंखड प्रताप सिंह ने बताया कि डेयरी द्वारा मेलोरिच के नाम से आइसक्रीम बाजार में उतारा जायेगा और गाय व भैस का दूध अलग अलग उपलब्ध कराया जायेगा । उन्होने बताया कि यह प्रोजेक्ट यूपी इन्वेस्टर समिट में रजिस्टर्ड हुआ था जिसकी लागत ५ करोड़ रूपये थी। सरकार द्वारा डेढ़ करोड़ रूपये की आर्थिक सहायता प्राप्त हुई है। आगे चलकर डेयरी द्वारा क्षमता बढ़ाते हुए विभिन्न प्रकार के शुद्ध डेयरी प्रोडक्ट नगर वासियों को उपलब्ध कराये जायेगें ।




# डीएम ने किया स्मार्ट क्लास का शुभारंभ, स्मार्ट क्लास में आधुनिक तरीके से बच्चे करेंगे पढ़ाई






दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा छात्र–छात्राओं को तराशने का काम गुरूजन करते हैं और बच्चों की मेहनत तथा बेहतर शैक्षिक वातावरण बच्चों को बुलंदियों पर पहुंचाते हैं। यह बात जिलाधिकारी डॉ उज्ज्वल कुमार ने मुजेहना ब्लॉक के उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर में स्मार्ट क्लास का शुभारंभ करते हुए कही। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि हम बच्चों को बेहतर से बेहतर शिक्षा का वातावरण दें तो बच्चे अपनी जिंदगी में सब कुछ हासिल कर सकते हैं। उन्होंने स्मार्ट क्लास के उद्घाटन के बाद उसका संचालन भी देखा वहां पर उपस्थित बच्चों से स्मार्ट क्लास से पढ़ाए जाने को लेकर जानकारी ली। स्मार्ट क्लास की व्यवस्था हो जाने पर सभी बच्चे बेहद उत्साहित दिखे। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जनपद के पांच विद्यालय कमपोजिट विद्यालय लक्ष्मणपुर जाट, कंपोजिट विद्यालय कर्नलगंज, कमपोजिट विद्यालय छावनी सरकार, उच्च प्राथमिक विद्यालय बेसहूपुर तथा प्राथमिक विद्यालय बेलवा में स्मार्ट क्लास की स्थापना एचडीएफसी बैंक के द्वारा सीएसआर मद से कराई गई है।एचडीएफसी बैंक के परिवर्तन प्रोजेक्ट ने गोण्डा के सरकारी स्कूल्स में स्मार्ट क्लासरूम्स का शुभारम्भ किया। इस पहल के तहत एचडीएफसी बैंक राज्य शिक्षा बोर्ड के साथ मिल कर सरकारी स्कूलों को डिजीटल बनाने के लिए काम कर रहा है। इसके अलावा बैंक ने पाठ्यक्रम आधरित ई–लर्निंग सामग्री वितरित करने के लिए कक्षाओं में डेस्कटॉप्स और प्रोजेक्टर्स जैसे आईटी इन्फ्रास्ट्रक्चर्स स्थापित किए है। इसके अलावा बैंक इन स्कूलों के अध्यापकों को भी डिजीटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के बारे में प्रशिक्षित किया है। जिलाधिकारी ने कहा कि स्मार्ट क्लास के द्वारा बच्चों को आधुनिक तरीके से परीक्षा देने में काफी मदद मिलेगी छोटे–छोटे बच्चों को तकनीक के बारे में समझने का बेहतर मौका मिलेगा।इस अवसर पर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी मुजेहना विकास मिश्र, खंड शिक्षा अधिकारी मुजेहना, एचडीएफसी बैंक के पीयूष शाही क्लस्टर हेड मोहम्मद शकील गवर्नमेंट इंस्टीट्यूशनल बिजनेस एरिया हेड व ब्रांच मैनेजर मौजूद रहे।

# रूधौली पुलिस ने दिलाया सुरक्षा का भरोसा, बाजार में किया पैदल गस्त

श्रवण पाण्डेय/दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। रूधौली पुलिस ने पुलिस बल के साथ जनता मे सुरक्षा





की भावना बनाएं रखने के लिये कस्बा रुधौली, तिराहा, डुमरियागंज मोड़, बखीरा तिराहा पर पैदल गस्त किया गया। गश्त के दौरान संदिग्ध व्यक्तियों व वाहनों की चेकिंग की गई तथा अनियमितता पाए जाने पर 04 गाड़ियों से 4000 का चालान किया गया। गस्त के दौरान रोड के किनारे लगे दुकानों को उचित हिदायत दिया गया की रोड पर किसी प्रकार का अतिक्रमण ना करें।

# अटल आवासीय विद्यालय में श्रमिकों के बच्चे पायेंगे शिक्षा

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा ।उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल अनुभव वर्मा ने बताया कि निर्माण श्रमिकों के बच्चों को नवोदय विद्यालय जैसी शिक्षा प्रदान करने के उद्देश्य से जनपद के तहसील मनकापुर के ग्राम सिसवा में बने अटल आवासीय विद्यालय में शैक्षणिक सत्र जुलाई से प्रारम्भ हो रहा है। वर्ष 2023–24 के लिए कक्षा–6 में प्रवेश हेतु प्रवेश परीक्षा का आयोजन 10 जून को राजकीय बालिका इंटर कॉलेज गोंडा में किया जायेंगा। उन्होंने कहा है कि वे निर्माण श्रमिक जिनका उत्तर प्रदेश भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड के अन्तर्गत पंजीकरण 01–04–2023 को 3 वर्ष पूरा हो चुका है उनके 10 वर्ष से 13 वर्ष आयु के पुत्र व पुत्रियां (जन्म एक मई 2010 से पहले और 30 अप्रैल 2013 के बाद नही होना चाहिए) आवेदन हेतु पात्र हैं साथ ही कोरोना काल में निराश्रित हुये बच्चे तथा मुख्यमंत्री बाल सेवा भी प्रवेश परीक्षा में आवेदन हेतु पात्र हैं वे कार्यालय उपश्रमायुक्त देवीपाटन मंडल सिविल लाइन से आवेदन निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। अभ्यर्थियों के आवेदन कार्यालय में 22 मई तक प्रातः10 बजे से सायं 5बजे तक प्राप्तध्जमा किए जाएंगे।उन्होंने बताया है कि कार्यालय में आवेदन अवकाश के दिनों में भी प्राप्तध्जमा किये जा सकते हैं। उपश्रमायुक्त ने सभी निर्माण श्रमिकों से अपील की है जो भी निर्माण श्रमिक पात्रता पूरी करते हैं वे अपने पुत्र पुत्रियों का आवेदन कराकर प्रवेश परीक्षा में प्रतिभाग करायें।

# डीएम ने राजकीय मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर दिया निर्देश

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा।सोमवार को जिलाधिकारी डॉ० उज्ज्वल कुमार ने निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर कार्य प्रगति का लिये जायजा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने 282 करोड़ की लागत से बन रहे राजकीय मेडिकल कॉलेज में पहुंचकर प्राचार्य आवास, प्रशासनिक भवन, महिला छात्रावास, पुरुष छात्रावास एवं अन्य सभी तैयार हो रहे सभी बिल्डिंग भवनों में जाकर कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही संबंधित कार्यदाई संस्था एवं अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि राजकीय मेडिकल कालेज के निर्माण में और तेजी लाएं ताकि सत्र प्रारंभ से पहले पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार हो सके। निरीक्षण के दौरान कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन राजकीय मेडिकल कॉलेज में बचे हुए कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द तैयार करना सुनिश्चित करें इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर राजकीय मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल, एई भवन निर्माण खंड बलरामपुर, सहित सभी संबंधित अधिकारी एवं कार्यदायी संस्था के अधिकारीगण उपस्थित रहे।



# रेलवे सुरक्षा बल गोंडा ने कन्या शादी सहायता राशि व साड़ियां देकर की मदद

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। रेलवे सुरक्षा बल गोंडा ने कन्या शादी सहायता राशि



रुपया 52251.00(बावन हजार दो सौ इक्यावन रुपए) एवं साड़ियां देकर मदद के लिए बढ़ाया हाथ। सेमरा रेलवे कालोनी स्थित रेलवे सुरक्षा बल बैरक में आउट सोर्स पर कार्यरत सफाई कर्मी श्री दिनेश कुमार की पुत्री की शादी में रेलवे सुरक्षा बल गोंडा द्वारा कन्या शादी सहायता के रूप में नगद 52251.00 (बावन हजार दो सौ इक्यावन रुपए) सहायता राशि एवं साड़ियां प्रदान किया गया। निरीक्षक नरेंद्र पाल सिंह द्वारा बताया गया कि जब रेलवे सुरक्षा बल थाना गोंडा के अधिकारियों कर्मचारियों को पता चला कि उनके बैरक में प्राइवेट सफाई कर्मी की पुत्री की शादी है तो सभी ने इस पुनीत कार्य में बढ़–चढ़कर आर्थिक सहयोग राशि एकत्र की एवं उनके ग्राम भन्दहा में जाकर आर्थिक सहयोग राशि व साड़ियां उन्हें भेंट की। सहयोग राशि पाकर जहां दिनेश जी प्रफुल्लित व भाव विभोर हो गए वहीं शादी समारोह में उपस्थित अतिथि व अन्य ग्राम वासियों द्वारा रेलवे सुरक्षा बल गोंडा की भूरी भूरी प्रशंसा की गई। रेलवे सुरक्षा बल गोंडा एक तरफ रेल संपत्ति एवं अपने यात्रियों की सुरक्षा व उनके सुख सुविधाओं के लिए तत्पर होकर कार्य कर रही है वहीं दूसरी तरफ समाज के ऐसे नेक कार्यों में भी बढ़–चढ़कर अपना पुनीत योगदान दे रही है।

# पुलिस अधीक्षक गोंडा ने थाना मोतीगंज का किया निरीक्षण





दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा! पुलिस अधीक्षक गोंडा आकाश तोमर ने मोतीगंज थाना का किया निरीक्षण निरीक्षण के दौरान अपराध रजिस्टर आगंतुक रजिस्टर ऑर्डर बुक न्यायालय ड्यूटी रजिस्टर यदि को चेक किया निरीक्षण के दौरान थाना प्रभारी निरीक्षक को लंबित विवेचना ओं का समय से निस्तारण हेतु निर्देश दिएमोतीगंज थाना अध्यक्ष प्रबोध कुमार ने बताया कि पुलिस अधीक्षक गोंडा आकाश तोमर अचानक सोमवार को मोतीगंज थाना पर पहुंचे और यहां पर साफ–सफाई रंगाई पुताई को देखकर काफी खुश हुए वहीं उन्होंने विभिन्न रजिस्टर ड्यूटी रजिस्टर्ड सहित अन्य उपकरण को चेक किया जो उन्हें दुरुस्त मिला और काफी खुश दिखे उन्होंने थाना अध्यक्ष को थाना परिसर की साफ–सफाई और रंगाई पुताई तथा थाना परिसर में लगाए गए वृक्षों को देखकर धन्यवाद भी दिया और कहा कि ऐसे ही साफ सफाई एवं रंगाई पुताई पर ध्यान दिया जाए जिससे कि थाना परिषद पूरी तरह स्वच्छ रहे!

# मोतीगंज बाजार में समर ऑटो सेल का उद्घाटन समारोह का किया गया आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंडा। मोतीगंज बाजार में समर ऑटोशेल का उद्घाटन करने पहुंचे ब्लाक प्रमुख जगदेव चौधरी नगर पालिका मनकापुर के चेयरमैन बबलू सोनी मंडल अध्यक्ष भाजपा कमलेश पांडे प्रधानाध्यापक विद्या नगर किसान इंटर कॉलेज राधा मोहन पांडे एवं और गणमान्य लोग उपस्थित रहे।उक्त उद्घाटन के दौरान कंपनी के कर्मचारी सहित क्षेत्र के लोग मौजूद रहे उद्घाटन समारोह के समापन के बाद सभी मौजूद कर्मचारियों एवं क्षेत्रवासियों को धन्यवाद दिया गया।

# प्रधानमंत्री के कार्यकाल को 9 वर्ष पूर्ण होने पर सासंद ने दिया महिलाओ को उपहार

## स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित करने के लिए लोहिया कला भवन जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन ।






मनोज बाबा/
दैनिक बुद्ध का संदेश
सिद्धार्थनगर। प्रधानमंत्री के कार्यकाल को 9 वर्ष पूर्ण होने पर सोमवार को डुमरियागंज के सांसद जगदंबिका पाल ने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को सम्मानित करने के लिए लोहिया कला भवन जिला मुख्यालय पर कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम में सांसद जगदंबिका पाल ने स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए जिला मुख्यालय पर एक बाजार खोलने की बात रखी जिस पर नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव ने भी सहमति प्रदान की। आपको बता दें कि प्रधानमंत्री के 9 वर्ष पूर्ण होने पर बड़े ही धूमधाम से सासंद ने कार्यक्रम का आयोजन किया था कार्यक्रम में नगर पंचायत उसका बाजार के नवनिर्वाचित नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत जयसवाल ने कहा कि आज भारत लगातार विकास कर रहा है पूरे विश्व में भारत का नाम हो रहा है जिसके मुख्य आधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं आज हम सभी मिलकर उनकी ताकत बनेंगे और उत्तर प्रदेश के विकास में भी सहायक रहेंगे। नवनिर्वाचित नगर पालिका सिद्धार्थनगर के अध्यक्ष गोविंद माधव ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज भारत सरकार द्वारा जो योजनाएं चलाई जा रही हैं उसमें आवास ,खाद्यान्न, बिजली ,गैस ,दवा सभी को दिया जा रहा है आज सरकार नीचे से नीचे तबके को भी ऊपर लाने का लगातार प्रयास कर रहा है आज उत्तर प्रदेश भी उत्तम प्रदेश बनने के कगार पर है भाजपा के जिला संयोजक कन्हैया पासवान ने आए हुए सभी अतिथियों का अभिवादन करते हुए कहा कि आज का भारत नया भारत है जो लगातार कीर्तिमान को गढ़ रहा है जिसका श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को जाता है कन्हैया पासवान ने कहा कि आज जनपद में बड़ी रेलवे लाइन, केंद्रीय विद्यालय ,पोस्ट ऑफिस ,पासपोर्ट ऑफिस ,सैनिक स्कूल आदि का निर्माण सांसद जगदंबिका पाल के नेतृत्व में ही हुआ है पूर्व क्षेत्रीय मंत्री दुर्गा राय ने सांसद जगदंबिका पाल को विकास पुरुष करते हुए कहा कि सांसद ने ही अदम साहस का परिचय देते हुए पूरे जनपद में 6 नगर निकाय के अध्यक्षों का जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की है आगे भी जनपद में भाजपा को आगे ले जाने का कार्य सांसद जगदंबिका पाल करेंगे। क्षेत्रीय मंत्री कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजीव राय ने सासंद जगदंबिका पाल की





प्रशंसा करते हुए कहा कि आज देश और प्रदेश में सांसद जगदंबिका पाल को बड़े ही सम्मान के साथ देखा जाता है जनपद में उनके द्वारा लगातार किए गए कार्यो पर सीधे मोदी और योगी का नजर आता है आज भारत सरकार ने गरीबों को इज्जतघर देने का कार्य किया है आज महिलाओं को सुरक्षित वातावरण मिल रहा है जनपद में हो रहे लगातार विकास केवल सांसद जगदंबिका पाल की ही देन है सांसद जगदंबिका पाल ने अपने उद्बोधन में आए हुए सभी अतिथियों का आभार किया साथ ही उन्होंने भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही सरकारी योजनाओं का विस्तृत रूप से उल्लेख किया उन्होंने कहा कि स्वयं सहायता समूह की जो भी समस्या है उसका निराकरण जिले स्तर और शासन स्तर पर बात करके किया जाएगा कहीं पर भी कोई दिक्कत नहीं आएगी स्वयं सहायता समूह के मनरेगा में मेट का पद दिलाए जाने को लेकर जिलाधिकारी से बात किया साथ ही स्वयं सहायता समूह को जो मानदेय नहीं मिल रहा है अति शीघ्र ही मानदेय दिलाने की भी बात कही अंत में उन्होंने आए हुए सभी अतिथियों का आभार प्रकट किया और जो भी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आई थी उन सभी को उपहार और सम्मान देकर आशीर्वाद लिया सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि जो भी हमारी बहने आई हुई है उनको उनका भाई विदा उपहार दिए नहीं जाने देगा जिस पर सारी महिलाएं आशीर्वाद देती नजर आई। सम्मान समारोह कार्यक्रम में उक्त अवसर पर कार्यक्रम के मुख्यअतिथि क्षेत्रीय उपाध्यक्ष बड़े भाई श्री संजीव राय जी, विशिष्ट अतिथि चेयरमैन सिद्धार्थनगर श्री गोविन्द माधव जी, जिला संयोजक भाजपा श्री कन्हैया पासवान जी, वरिष्ठ भाजपा नेता दुर्गा राय, चेयरमैन उसका श्री हेमंत जायसवाल जी, पूर्व ब्लॉक प्रमुख मनोज मौर्य, भाजपा नेता राजेन्द्र पाण्डेय, पूर्व जिला महामंत्री दिलीप चतुर्वेदी, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, तेजु विश्वकर्मा, जिला मंत्री फते बहादुर सिंह, नगर अध्यक्ष अर्चिष्मान मिश्र सहित पार्टी के गणमान्य नेतागण सहित बड़ी संख्या में माताएं एवं बहनें, मीडिया बंधु उपस्थित रहे।

## स्वयं सहायता समूह के बाजार के लिए जमीन दिया जाएगा-गोविंद माधव

मनोज बाबा/दैनिक बुद्ध का संदेश




सिद्धार्थनगर। सांसद जगदंबिका पाल के स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाए गए उत्पादों की बिक्री के लिए एक मार्केट बनाने की बात नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव के सामने रखी गई जिसे गोविंद माधव ने सहर्ष स्वीकार करते हुए कहा कि जल्द ही बाजार मिलेगा। नगरपालिका उन्हें जमीन देने के लिए तैयार है आपको बता दें कि इससे पहले नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव ने सांसद के कहने पर जिला मुख्यालय पर पत्रकारों के लिए प्रेस क्लब बनाने के लिए जमीन देने की बात पहले ही कर रखी है जो जल्द ही उन्हें दिया जाएगा स्वयं सहायता समूह के द्वारा बनाए गए उत्पादों के लिए एक यदि बाजार का निर्माण होता है तो यह उत्तर प्रदेश में यह कीर्तिमान होगा साथ ही उनके उत्पादों की बिक्री भी बड़े पैमाने पर होगी।

# शहीद–ए– आजम कॉन्फ्रेंस में जुटे उलेमा, दीन और दुनिया पर डाली रोशनी

### मोहब्बत व भाईचारे का पैगाम देता है इस्लाम- हम्माद रजा

दैनिक बुद्ध का संदेश
डुमरियागंज। डुमरियागंज तहसील क्षेत्र के ग्राम बसडिलिया स्थित आस्ताने शहीद ए मिल्लत में रविवार की रात शहीद–ए–आजम कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। जिसमें नामचीन उलेमाओं व वक्ताओं ने हिस्सा लिया। स्थानीय शहीद ए मिल्लत के उर्स में अकीदतमनदो ने चादर चढ़ाया और दुआएं भी मांगी। रविवार की रात आयोजित शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस में मुख्य वक्ता के रूप में अपने संबोधन में मुरादाबाद से आए हजरत अल्लामा मुफ्ती हम्माद रजा ने कहा कि इस्लाम मोहब्बत व भाईचारे का पैगाम देता है इस पैगाम को हमें आम लोगों तक पहुंचाना होगा। आज शिक्षा के मामले में मुसलमान काफी पीछे हैं उन्हें दीनी और दुनियावी दोनों शिक्षा पर जोर देना होगा। तभी एक सफल जीवन में कामयाबी मिल सकती है। उन्होंने यह भी कहा कि वक्त का सही इस्तेमाल करने वाला एक कामयाब इंसान होता है। सबसे पहली सीढ़ी मां–बाप होते हैं अगर बचपन में मां बाप का प्यार मिला तो वह बच्चे गलत कामों की तरफ नहीं जा पाते हैं। जब मां–बाप नेक होंगे तो बच्चे भी नेक होंगे। इस मौके पर कान्फ्रेंस को खिताब करते हुए सैय्यद अब्दुल रब चांद बाबू बिल्हरी शरीफ फैजाबाद ने कहा कि शहीदे आजम कॉन्फ्रेंस में जुटने का उद्देश्य यह है कि सभी लोग दीन की तरफ बढ़े और दुनिया को भी सुरक्षित रखें। फिजूल खर्चे से बचें, दिखावा अल्लाह ताला को पसंद नहीं है। ईमान कायम करो क्योंकि ईमान वाला ही जन्नत का हकदार है। इस मौके पर अरबी कॉलेज उतरौला से आए मुफ्ती मसीहुद्दीन ने कहा कि आज नौजवान दीन से भटक रहा है इसी वजह से वह परेशान भी है। मस्जिदों को आबाद करें और नेकी के रास्ते पर चलें। प्रोग्राम को हाफिज अरबाज फारुकी ने भी संबोधित किया। जबकि इससे पूर्व तिलावते कलाम पाक से कान्फ्रेंस की शुरुआत हाफिज कारी नावेद अहमद फारुकी ने की। इसके बाद खलीलाबाद से आए अमीर हमजा ने अपना कलाम पेश करते हुए कहा कि काश अपना मदीने में कोई घर होता, देखते रौजये सरकार को आते जाते। इसके बाद जिया यजदानी बहराइच ने नात पाक से माहौल को काफी खुशनुमा बना दिया। उन्होंने एक से बढ़कर एक नात पाक पेश कर सभी को अपनी तरफ खींच लिया। नवीना शायर मोहसिन रजा ने भी अपना कलाम सुंदर ढंग से प्रस्तुत किया। कान्फ्रेंस को मौलाना मकसूद अकरम, अरशदुउल कादरी, मौलाना सफीक निजामी, कारी अबरार अहमद आदि ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मौलाना मकसूद अकरम व संचालन दिलशाद फारुकी ने किया। इस मौके पर डॉक्टर मोहम्मद हुसैन सिद्दीकी, अफजान फारुकी, नवी ,जहीर फारुकी, कांग्रेसी नेता सच्चिदानंद पांडेय, नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि अतीकुर्रहमान राईनी, सभासद नसीम अहमद, अब्दुल रशीद फारुकी, शरीफुल हक, अहमद हुसैन, सरताज फारुकी, हमीद फारूकी, बिलाल फारुकी, सैयद मैराज, नजीर अहमद, निसार सिद्दीकी, शम्स, अब्दुल समद, हाजी मुन्ना, मोहम्मद हाशिम, इसरार अहमद फारूकी, अजीम ओ शान फारूकी आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।





# नगर पंचायत चुनाव में कहा और किसके साथ है सपा के कार्यकर्ता ?

श्रवण पटवा/
दैनिक बुद्ध का संदेश
शोहरतगढ़, सिद्धार्थनगर। नगर निकाय चुनाव मे आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ से निर्दल प्रत्याशी उमा पत्नी रवि अग्रवाल ने अपने प्रतिद्वन्द्वी निर्दल प्रत्याशी रितु सिंह पत्नी अभय प्रताप सिंह को 238 मतो से पराजित कर जीत हासिल कर ली है। लेकिन विधानसभा चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे समाजवादी पार्टी के समर्थित सुभासपा के प्रत्याशी प्रेम चन्द कश्यप (ठैच) को 46340 मत मिले थे जबकि नगर पंचायत चुनाव में सैकड़ा भी नही पहुँच पाई सपा...... ऐसे में सपा कार्यकर्ताओं पर सवाल उठना लाजमी है।

बहरहाल आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ का कमान लम्बे समय से शोहरतगढ के कद्दावर नेता स्व0 सुबाष गुप्ता की धर्म पत्नी बबिता कसौधन के हाथो मे था, लेकिन इस बार शोहरतगढ की जनता समाजसेवी रवि अग्रवाल की पत्नी उमा अग्रवाल को अपना अध्यक्ष बनाया। आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ का मतगणना जब शुरू हुआ तभी से उमा अग्रवाल बढत बना ली लेकिन बीच मे रितु सिंह पत्नी अभय प्रताप सिंह ने बढत बना लिया जिससे असमंजस की स्थिति बन गई बाद मे फिर उमा अग्रवाल ने रितू सिंह को पीछे कर दिया और अन्तिम तक सभी प्रत्याशियो के ऊपर हावी हो कर विजयी हो गयी। भाजपा को करारा हार मिला। शोहरतगढ नगर पंचायत अध्यक्ष पद के लिए कुल 12 प्रत्याशी थे जिसमे 3532 मत पाकर उमा अग्रवाल विजयी हुई, वही दूसरे नंबर पर रही रितु सिंह को 3294 मत मिला, तीसरे स्थान पर निवर्तमान नगर अध्यक्ष भाजपा से बबिता कसौधन को 2497 मत मिला,निर्दल प्रत्याशी श्याम सुन्दर चौधरी को 1355 मत मिला, शान्तिनरायण त्रिपाठी निर्दल को 463 मत, बसपा प्रत्याशी मनोज कुमार मित्तल को 441 मत मिला, सपा से गोपाल फौजी को 62 मत मिला, काग्रेस से इकबाल को 23 मत, शाहरूख को 72, इसरार को 33, शशि को 21, प्रिया त्रिपाठी निर्दल को केवल 8 मत मिला। जबकि 326 मत अबैध निकले और 15 मत नोटा को चला गया।

कुछ प्रत्याशी अपना जमानत नही बचा पाये। विजयी प्रत्याशी उमा अग्रवाल के समर्थको मे हर्षोल्लास का माहौल है फूल माला अबीर से समर्थक अपने निर्वाचित अध्यक्ष का जोरदार स्वागत किये। आर0ओ0 रहे उपजिलाधिकारी शोहरतगढ़ उत्कर्ष श्रीवास्तव ने उमा अग्रवाल को प्रमाण पत्र दे कर बधाई दिये, शोहरतगढ थानाध्यक्ष पंकज कुमार पाण्डेय ने मय फोर्स मतगणना स्थल पर जमे रहे।

### निकाय चुनाव में 15 वार्ड में चुने गये सभासद

आदर्श नगर पंचायत शोहरतगढ़ के नगर निकाय चुनाव में विस्तारीकरण के बाद 15 वार्ड बनाया गया था। नगर निकाय चुनाव के मतगणना के उपरांत वार्ड सभासद परिणाम इस प्रकार रहा––

वार्ड नंबर 1 अंबेडकर नगर से निर्मला देवी निर्दल 297 विजेता,लक्ष्मी उर्फ सुन्दरा 109उप विजेता।

वार्ड नंबर 2 अटल नगर से मनोज कुमार बीजेपी 249 विजेता, धर्मेंद्र 146उपविजेता।

वार्ड नंबर 3 संत रविदास नगर से प्रियंका श्रीवास्तव निर्दल 155 विजेता, पुष्पा 133 उपविजेता।

वार्ड नंबर 4 दशरथ नगर से मंजू मोदनवाल बीजेपी 413 विजेता, अरुण चौधरी 326 उपविजेता।

वार्ड नंबर 5 महर्षि वाल्मीकि नगर से शिव शंकर निर्दल 158 विजेता, गिरधारी 157 उपविजेता।

वार्ड नंबर 6 आर्य नगर से मीरा देवी निर्दल 346 विजेता, सुभम वर्मा 219 उपविजेता।

वार्ड नंबर 7 सुभाष नगर से दिनेश कुमार निर्दल 255 विजेता, अनिल135 उपविजेता।

वार्ड नंबर 8 श्री राम जानकी मंदिर से सरोज कनौजिया बीजेपी 183 विजेता, माया चौधरी 181उपविजेता।

वार्ड नंबर 9 शिव नगर से अनूप कसौधन निर्दल 339 विजेता, विजय कुमार188 उपविजेता।

वार्ड नंबर 10 गांधीनगर से अशरफ अंसारी निर्दल 551विजेता, तरन्नुम अंसारी166उपविजेता।

वार्ड नंबर 11 रघुनाथ नगर से सुमन गौड़ निर्दल 204 विजेता, सीमा 153 उपविजेता।

वार्ड नंबर 12 हनुमंत नगर से सतीश चंद्र वर्मा निर्दल 233विजेता, रिंकू उर्फ अभिनाश125 उपविजेता।

वार्ड नंबर 13 वेणी माधव नगर से शिव प्रकाश निर्दल 224विजेता, सुनील117उपविजेता।

वार्ड नंबर 14 मां भारती नगर से वकील खान निर्दल 274 विजेता, मनोज गुप्ता166उपविजेता।

### क्या रहा विधानसभा चुनाव का परिणाम

विधानसभा चुनाव में दूसरे नंबर पर रहे समाजवादी पार्टी के समर्थित सुभासपा के प्रत्याशी प्रेम चन्द कश्यप को 46340 मत मिले थे, जबकि नगर पंचायत चुनाव में सैकड़ा भी नही पहुँच पाई सपा...... कार्यकर्ताओं पर उठ रहे सवाल?

1. चौधरी रविन्द्र प्रताप (कॉंग्रेस)– 20154
2. राधारमण त्रिपाठी (बसपा)– 22099
3. अमर सिंह चौधरी (आजाद समाज पार्टी)– 13031
4. ओमप्रकाश जनता (दल)– 1679
5. जिलाजीत–1016
6. प्रेम चन्द कश्यप (ठैच)– 46340
7. विद्यानन्द बहुजन (महापार्टी)– 2025
8. विनय वर्मा (अपना दल)– 70900
9. बक्सी शरद कुमार श्रीवास्तव– 1778
10. दिवाकर विक्रम सिंह (निर्दल)– 1140
11. शिवसगर– 1479
12. डॉ सरफराज अन्सारी– 5344

नोटा– 1948

## सम्पादकीय

**असंख्य चेहरे आंदोलित होते हैं, किसान अपनी फसल को जलाने को विवश होते हैं और बेरोजगार युवा आक्रोश में आकर तोड़–फोड़ करने लगते हैं, तो आबादी का श्शक्ति–पुंजश ही देश को जलाता हुआ लगता है। सब कुछ सवालिया हो जाता है। बेशक भारत में बहुत कुछ बदल चुका है। देश में करीब 50 करोड़ कामगार हैं...**

# भारत सबसे ज्यादा आबादी वाला देश



संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की ताजा रपट के मुताबिक, भारत सबसे अधिक आबादी वाला देश बन गया है। चीन को पीछे छोड़ दिया गया है। फरवरी, 2023 तक के आंकड़ों के अनुसार, भारत की आबादी 142.86 करोड़ और चीन की 142.57 करोड़ है। भारतीय चीनियों की तुलना में 29 लाख अधिक हो गए हैं। यह सिलसिला अब जारी रहेगा, क्योंकि हमारी औसत प्रजनन दर करीब 2 फीसदी है, लिहाजा आबादी लगातार बढ़ती रहती है। जब भारत अपनी आजादी का शतक पूरा कर चुका होगा, उसके बाद 2050 में हमारी आबादी 166.8 करोड़ से ज्यादा होगी। चीन से तुलना बंद कर देनी चाहिए, क्योंकि 2100 आने तक उसकी आबादी सिकुड़ कर 76 करोड़ के करीब रह सकती है। भारत दुनिया का सबसे युवा देश है। करीब 66 फीसदी आबादी 35 साल की उम्र से कम है। भारत में 15–64 आयु वर्ग की आबादी करीब 68 फीसदी है। इस आयु वर्ग को श्कामकाजीश माना जाता है। 1940 के आयु वर्ग के 53 करोड़ हिंदुस्तानी हैं, जो अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं और उन्हीं के दम पर भारत श्मैन्यूफैक्चरिंग हवश बनेगा। युवा आबादी हमारे लिए श्शक्ति–पुंजश है। दुनिया का सबसे बड़ा बाजार, सबसे युवा कार्य–बल और सबसे सस्ता श्रम बल भारत में उपलब्ध है, लिहाजा हम दुनिया के श्बाजार–बादशाहश हैं दुनिया के उदाहरण सामने हैं कि यदि अमरीका, चीन, जापान, दक्षिण कोरिया सरीखे देशों ने असीम सफलताएं हासिल की हैं. तो सिर्फ अपनी युवा आबादी के बल पर और चूंकि अब उनकी आबादी बुढियाने लगी है, तो काम के संकट भी पैदा हो रहे हैं। सामूहिक ताकत, ऊर्जा, कौशल, कारोबार, उत्पादन आदि के संदर्भ में श्सबसे ज्यादा हिंदुस्तानीश होने की खबर सुखद है। उम्मीद और संभावनाओं के व्यापक) आसमान खोलती है, लेकिन चिंताएं और चुनौतियां भी मौजूद हैं। दुनिया की 800 करोड़ से ज्यादा की आबादी में भारत की हिस्सेदारी 17.77 फीसदी है, लेकिन हमारा भू–भाग मात्र 2.5 फीसदी है। संसाधन भी सीमित हैं। हालांकि भारत की इतनी आबादी होने के बावजूद हमारे सामने भुखमरी और सूखा–अकाल के हालात नहीं हैं, लेकिन देश के रेलवे स्टेशन, बस अड्डों, मेट्रो स्टेशनों, अस्पताल, स्कूल, बाजारों, राशन के डिपो से लेकर 5 किलो मुफ्त अनाज के वितरण केंद्रों आदि तक पर जब जन–सैलाब देखते हैं, तो असंतुलन का खौफ पैदा होने लगता है। असंख्य चेहरे आंदोलित होते हैं, किसान अपनी फसल को जलाने को विवश होते हैं और बेरोजगार युवा आक्रोश में आकर तोड़–फोड़ करने लगते हैं, तो आबादी का श्शक्ति–पुंजश ही देश को जलाता हुआ लगता है। सब कुछ सवालिया हो जाता है। बेशक भारत में बहुत कुछ बदल चुका है। देश में करीब 50 करोड़ कामगार हैं। यदि 15 साल से अधिक उम्र के कामगारों को भी जोड़ लिया जाए, तो यह आंकड़ा 100 करोड़ को छू सकता है। इतने कामगार दुनिया के किसी भी देश में नहीं हैं। चीन को छोड़ दें, तो अमरीका, यूरोप, अफ्रीका की इतनी आबादी भी नहीं है। देश की तकनीकी कंपनियों में करीब 54 लाख लोग कार्यरत हैं। 2022–23 के दौरान इन कम्पनियों ने 2.90 लाख लोगों को नौकरियां दी हैं ।

# प्रत्येक घर के सामने होता है शिव का वास

गीता का उपदेश देते हुए भगवान श्री कृष्ण जी कहते हैं कि पृथ्वी पर जब जब धर्म की हानि होगी तब तब मैं राक्षसों के विनाश के लिए जन्म लूंगा। पूर्वी उत्तर प्रदेश में एक रस्म है कि यदि कोई भी हिंदू गृह का निर्माण कर लेता है तो वह घर के सामने प्रायः एक शिवालय का भी निर्माण कराता है। शिवालय के निर्माण में पास पड़ोस के सहयोग की धनराशि भी होती है। इसलिए कुछ चंदा इत्यादि इकट्ठा कर लिया जाता है। प्रत्येक सुबह स्नान करने के पश्चात एक लोटा जल आदमी के मन को तृप्त करता है। ध्यातव्य है कि लोक विश्वास के अनुसार भगवान शिव की आराधना से घर में क्लेश और बुरी शक्तियों का क्षरण भी होता है। मंत्रमुग्ध करने वाले ध नमः शिवाय के जाप से घर का वातावरण सुखमय हो जाता है। इस वातावरण से निकलने वाली शीतलता घर परिवार के प्रत्येक सदस्य के लिए अमृत सदृश होती है। भगवान शिव की आराधना से विषाद और विवाद दोनों का क्षरण होता है और तब अत्यंत सकारात्मक ऊर्जा से हम सभी परिपूर्ण हो जाते हैं। सकारात्मक ऊर्जा हमें सकारात्मक सोच प्रदान करती है जिससे सुखद समाज का निर्माण होता है। इस तरह भगवान शिव की कृपा अविरल, निर्मल रूप से प्रवाहित होने वाली स्रोतस्विनी है जिसमें भारत माता की प्रत्येक संतति रस से परिपूर्ण होती है। ऐसे सनातन की शिवत्व वाली परंपरा को बार बार नमन है, जिसने सत्यम , शिवम और सुंदरम की अवधारणा से समाज को गरिमामई रचनात्मकता से परिपूर्ण किया है।



लेखक विनय कांत मिश्र/
दैनिक बुद्ध का संदेश

# कर्नाटक से कांग्रेस के लिए सबक

**एक–दो जीत के कारण अगर पार्टी नेताओं पर गुरूर चढ़ा कि हमने तो भाजपा का किला दरका दिया या मोदी लहर को रोक दिया, तो कांग्रेस को इसका नुकसान भी हो सकता है। वैसे भी विधानसभा चुनावों का असर लोकसभा चुनाव पर पड़े, यह जरूरी नहीं है। 2018 में हिंदी पट्टी के तीन राज्य जीतने के बावजूद कांग्रेस 2019 के आम चुनाव नहीं जीत पाई थी। सफलता तो तभी मिलेगी, जब नगरीय ...**

कांग्रेस खुश है। पार्टी कार्यकर्ताओं के हौसले बुलंद हैं। भावी जीत के सपने देखने शुरु हो चुके हैं और 2024 में राहुल गांधी प्रधानमंत्री बनेंगे, ऐसे बयान भी आने लगे हैं। चुनाव दर चुनाव हारने के बाद कांग्रेस में निराशा छाने लगी थी। उसके कई बड़े–छोटे नेता पार्टी छोड़कर वैसे ही चले गए, जैसे डूबते जहाज से चूहे निकल कर भागते हैं। सत्ता सुख और पद की लालसा में बहुत से नेताओं ने भाजपा के भगवा गमछे को ओढ़ लिया। ऐसे ही नेताओं के कारण आज की राजनीति में विचारधारा अप्रासंगिक बना दी गई है। लेकिन कर्नाटक चुनाव में जनता ने साबित कर दिया कि लोकतंत्र में विचारधारा की कितनी प्रासंगिकता और महत्व है। भाजपा ने हिजाब विवाद, हलाल, बीफ पर प्रतिबंध को पहले मुद्दा बनाया, जो चुनाव के आखिर तक बजरंग बली की जय तक पहुंच गया। प्रधानमंत्री मोदी ने सारी मर्यादा तक पर रखते हुए लोगों से बजरंग बली की जय बोल कर वोट देने कहा, और चुनाव आयोग को इसमें कुछ गलत भी नहीं दिखा। बजरंग बली की जय के जवाब में अगर दूसरे धार्मिक नारों को उछाला जाता तो क्या हालात नहीं बिगड़ते। गनीमत रही कि ऐसा कुछ नहीं हुआ। भाजपा नेताओं की धमकियों और घुड़कियों के बावजूद कर्नाटक में माहौल शांत और सद्भावपूर्ण है। केरल स्टोरी का जवाब कर्नाटक स्टोरी के रूप में देश के सामने आ चुका है कि नफरत और झूठ का कारोबार अधिक वक्त तक नहीं चल सकता। नफरती कारोबार के शेयर पिछले 9 सालों में देश में खूब बढ़े हैं, लेकिन राहुल गांधी ने इस दुकान के शटर गिराने में काफी हद तक सफलता प्राप्त कर ली है। कर्नाटक चुनाव में जीत का सेहरा कांग्रेस की प्रदेश इकाई, स्थानीय कार्यकर्ताओं, नेताओं और केन्द्रीय नेतृत्व को जाता है। लेकिन राहुल गांधी इस जीत की भूमिका अक्टूबर 2022 में ही बांध चुके थे, जब भारत जोड़ो यात्रा लेकर वे इस राज्य में पहुंचे थे और करीब 21 दिनों में 7 जिलों से होते हुए 5 सौ किमी का सफर किया था। अब कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने खुलासा किया है कि जिन जिलों से श्री गांधी की यात्रा गुजरी उन जिलों की 15 सीटें कांग्रेस ने जीती हैं। जबकि पिछली बार यानी 2018 में कांग्रेस के पास इन जिलों की केवल 5 सीटें थीं। कांग्रेस की इस जीत का श्रेय निर्विवाद तौर पर राहुल गांधी को जाता है। क्योंकि उन्होंने जनता के बीच जाकर पार्टी की पकड़ मजबूत की। भारत जोड़ो यात्रा में राहुल गांधी ने कोई जुमलेबाजी नहीं की, हवा–हवाई दावे नहीं किए। लोगों के बीच, उन्हीं के अपने बन कर रहे। उनकी समस्याओं और दुखों को साझा किया। गरीबी, बेरोजगारी, महंगाई ये तो आम समस्याएं हैं, जो सभी को नजर आती हैं। राहुल गांधी ने इससे आगे बढ़कर महिलाओं के संघर्षों को समझा, सुरक्षा बलों में शामिल जवानों के परिजनों की पीड़ा को महसूस किया, युवाओं की कुंठा को अभिव्यक्त होने दिया। यानी हर तरह से राहुल गांधी आम लोगों से जुड़ते रहे और उसी का प्रतिफल कर्नाटक चुनाव की जीत में नजर आता है। राहुल गांधी के कारण जगह–जगह पर कांग्रेस के बड़े नेता भी जमीन पर उतरे और लोगों के बीच गए। अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई में कांग्रेस जब अपने स्तर पर संघर्ष कर रही थी, तो गांधीजी ने इस बात को पहचाना था कि कांग्रेस का अभिजात्य चोला उसे आम जनता से जोड़ नहीं पाता है, ऐसे में ब्रिटिश शासन के खिलाफ हर लड़ाई अधूरी और अनिर्णायक रहेगी। तब गांधीजी ने अपने प्रयासों से कांग्रेस को आम लोगों से जोड़ा और अपनी लड़ाई में महिलाओं को भी प्रथम पंक्ति में लिया। अब यही काम राहुल गांधी ने किया है। 10 साल के यूपीए शासनकाल में कांग्रेस और आम जनता के बीच दूरी आ गई थी, जिसका फायदा भाजपा ने उठाया और खाली स्थान को अपनी सत्ता बनाने में इस्तेमाल किया। यूपीए शासन के दौरान मनरेगा, मध्याह्न भोजन, सूचना का अधिकार जैसी कई जनकल्याणकारी योजनाओं को लागू किया गया, इसके बावजूद जनता के बीच कांग्रेस की पैठ कम होती गई। क्योंकि कई कांग्रेस नेताओं पर सत्ता का दंभ चढ़ गया था। जिसकी वजह से वे जनता से कटते गए। इसका नुकसान सबसे अधिक 2014 में हुआ, जब कांग्रेस अपने अच्छे कामों के बावजूद जनता के बीच विश्वसनीयता कायम नहीं रख पाई। भाजपा झूठे वादों, जुमलेबाजी, हिंदुत्व, राष्ट्रवाद के उन्माद और मीडिया की मदद से सत्ता पर आ गई, इसके बाद कई चुनावों में कांग्रेस की हार हुई। कहीं हार नहीं भी हुई, तो बड़ी पार्टी होने के बावजूद कांग्रेस ढीले–ढाले रवैये के कारण सत्ता बनाने से चूक गई। गोवा इसका बड़ा प्रमाण है। कर्नाटक चुनाव और उससे पहले हिमाचल प्रदेश के चुनाव में कांग्रेस ने ऐसी कोई गलती नहीं की। प्रियंका गांधी ने दोनों राज्यों में प्रचार में सक्रिय भूमिका निभाई, इसके अलावा स्थानीय नेताओं को साथ लेकर पार्टी ने काम किया। लोगों की जरूरतों को पहचान कर उस हिसाब से चुनावी रणनीति बनाई और इसका लाभ कांग्रेस को मिला। अब जल्द ही मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, तेलंगाना और मिजोरम में चुनाव हैं, फिर अगले साल कुछ और विधानसभा चुनाव होने हैं। इन सबमें कांग्रेस को ऐसी ही मेहनत, रणनीति और जनता से जुड़ाव की जरूरत होगी। एक–दो जीत के कारण अगर पार्टी नेताओं पर गुरूर चढ़ा कि हमने तो भाजपा का किला दरका दिया या मोदी लहर को रोक दिया, तो कांग्रेस को इसका नुकसान भी हो सकता है। वैसे भी विधानसभा चुनावों का असर लोकसभा चुनाव पर पड़े, यह जरूरी नहीं है। 2018 में हिंदी पट्टी के तीन राज्य जीतने के बावजूद कांग्रेस 2019 के आम चुनाव नहीं जीत पाई थी। सफलता तो तभी मिलेगी, जब नगरीय निकायों से लेकर, विधानसभा और आम चुनाव तक हर मुकाबले को पूरी शिद्दत से लड़ा जाए, जीतने की सारी कोशिश की जाए। कर्नाटक में इसी जज्बे ने कांग्रेस को जीत दिलाई, यह जज्बा अब आगे बरकरार रहना चाहिए।

# कर्नाटक के जनादेश का बड़ा मतलब

**इसका कारण यह है कि कर्नाटक में भाजपा पर आरोप लगाने का काम कांग्रेस के प्रवक्ता नहीं कर रहे थे, बल्कि यह काम स्थानीय संगठनों ने किया था। कर्नाटक के कांट्रैक्टर एसोसिएशन ने चि;ी लिख कर 40 फीसदी कमीशन मांगे जाने के आरोप लगाए थे तो स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के लोगों ने भी ऐसे ही आरोप लगाए थे। इसलिए लोगों को इन आरोपों पर यकीन हुआ। यह एक बड़ा ...**

अजीत द्विवेदी

कर्नाटक में मतदान के दिन यानी 10 मई को मैंने इसी कॉलम में श्कर्नाटक का चुनाव रास्ता दिखाएगाय शीर्षक से लेख लिखा था और सचमुच कर्नाटक की जनता ने रास्ता दिखाने वाला जनादेश दिया है। इस जनादेश ने भाजपा के लिए दक्षिण का दरवाजा बंद किया है तो समूचे विपक्ष के लिए देश का दरवाजा खोल दिया है। सबसे बड़ी विपक्षी पार्टी कांग्रेस और अगले लोकसभा चुनाव के लिए विपक्ष का गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे नेताओं को इस नतीजे से संजीवनी मिली है। यह भरोसा मिला है कि सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के एजेंडे को हराया जा सकता है। यह विश्वास बना है कि नरेंद्र मोदी का जो तिलिस्म बना है उसे तोड़ा जा सकता है। यह उम्मीद बंधी है कि जनता को जितना बौराया हुआ माना या बताया जाता है वह उतनी बौराई नहीं है। लोगों में इतनी समझदारी बची है कि वे अपना भला–बुरा समझ सकें। यह धारणा भी मजबूत हुई है कि सामाजिक न्याय का मुद्दा अब भी हिंदुत्व के मुद्दे की काट हो सकता है। यह जनादेश कई मायने में ऐतिहासिक है और इसकी व्याख्या सिर्फ इस नजरिए से नहीं की जा सकती है कि कर्नाटक में हर पांच साल पर सत्ता बदलने का रिवाज रहा है, इसलिए इस बार भी बदल गया। ऐसा नहीं है। यह सिर्फ सत्ता विरोधी लहर का प्रकटीकरण नहीं है, बल्कि कर्नाटक की जनता ने निर्णायक रूप से भाजपा को पराजित किया है। भाजपा अपना 36 फीसदी का आधार वोट बचाए रखने में जरूर कामयाब हो गई है लेकिन उसके और कांग्रेस के वोट में सात फीसदी का फर्क है। भाजपा जहां पिछले साल के वोट पर ही खड़ी रही वहीं कांग्रेस के पक्ष में पांच फीसदी का पॉजिटिव स्विंग हुआ। यह पांच फीसदी वोट नतीजों को बदलने वाला साबित हुआ। यह सकारात्मक वोट था, जो कांग्रेस की पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने के लिए दिया गया था। इसलिए यह जनादेश सिर्फ भाजपा को हराने के लिए नहीं है, बल्कि कांग्रेस की एक स्थिर सरकार बनाने के लिए है। ध्यान रहे पिछले 25 साल में यह तीसरी बार है, जब किसी पार्टी को पूर्ण बहुमत मिला है और हर बार पूर्ण बहुमत हासिल करने वाली पार्टी कांग्रेस ही रही है। बहरहाल, इस चुनाव के कुछ खास सबक और संदेश हैं। सबसे पहला तो यह कि सकारात्मक एजेंडे से ध्रुवीकरण के एजेंडे को हराया जा सकता है। यह बड़ा संदेश है। ध्यान रहे कर्नाटक में भाजपा ने ध्रुवीकरण कराने वाले कई मुद्दों को आजमाया। चुनाव से पहले लव जिहाद रोकने के नाम पर धर्मांतरण विरोधी कानून लाया गया। स्कूल–कॉलेजों में हिजाब पर पाबंदी लगाई गई। टीपू सुल्तान बनाम सावरकर की बहस बनवाई गई। मुस्लिम समुदाय को मिला चार फीसदी आरक्षण खत्म किया गया। पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया यानी पीएफआई पर पाबंदी का प्रचार किया गया। चुनाव घोषणापत्र में वादा किया गया कि भाजपा की सरकार बनी तो समान नागरिक संहिता लागू की जाएगी। चुनाव के बीच जब कांग्रेस ने अपने घोषणापत्र में वादा किया कि पीएफआई से लेकर बजरंग दल तक नफरत फैलाने वाले सभी संगठनों पर पाबंदी लगाई जाएगी तो भाजपा ने तुरंत इसे लपका और बजरंग दल को बजरंग बली से जोड़ कर कांग्रेस पर हमला शुरू किया। खुद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी 19 रैलियों में से 12 रैलियों में जय बजरंग बली के नारे से भाषण शुरू किया और इसी नारे से भाषण खत्म किया। सोचें, सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने के कितने मुद्दे थे और इनका कैसे प्रचार किया गया। इसके बावजूद भाजपा के वोट में जरा सा भी इजाफा नहीं हुआ। कोई नया मतदाता उसके साथ नहीं जुड़ा। इसके उलट भाजपा के एजेंडे को खारिज करने के लिए 43 फीसदी लोगों ने कांग्रेस को वोट किया। ऐसा नहीं है कि कांग्रेस का घोषणापत्र कर्नाटक में किसी बड़े संरचनात्मक बदलाव की बात करने वाला है। लेकिन अच्छी बात यह रही कि कांग्रेस ने राज्य के लोगों की समस्याओं को समझा और वहां का सबसे पिछड़ा या गरीब तबका क्या चाहता है उस पर फोकस किया। इसके लिए कांग्रेस ने कई चीजें मुफ्त में बांटने की घोषणा भी की, जिसे मुफ्त की रेवड़ी बांटना कहा गया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कर्नाटक का खजाना खाली हो जाएगा फिर भी कांग्रेस के वादे नहीं पूरे होंगे। लेकिन कांग्रेस के वादे, जिसे पार्टी ने श्पांच गारंटीय की शक्ल में पेश किया वह लोगों को पसंद आया। इसका कारण यह था कि ये पांचों गारंटी आम लोगों के जीवन से जुड़ी थी। चाहे हर परिवार को दो सौ यूनिट बिजली देने की गारंटी हो, महिलाओं को बस में मुफ्त यात्रा और घर ही महिला मुखिया को दो हजार रुपए महीना देने का वादा हो या बेरोजगार युवाओं को तीन हजार और डेढ़ हजार रुपया महीना देने का वादा हो। इन वादों ने एक बड़े तबके को कांग्रेस के साथ जोड़ा। इन वादों, गारंटियों और सकारात्मक एजेंडे से भाजपा के ध्रुवीकरण कराने वाले एजेंडे को हरा दिया। हिंदुत्व के एजेंडे के अलावा भाजपा की सबसे बड़ी ताकत उसका राष्ट्रीय नेतृत्व है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भाजपा के लिए गेम चेंजर हैं। उन्होंने डबल इंजन की सरकार का ऐसा नैरेटिव बनवाया है कि वे किसी भी राज्य में प्रचार के लिए जाते हैं और आखिरी दो हफ्ते में तस्वीर बदल देते हैं। इस बार यह मिथक भी टूटा है कि आखिरी दौर में मोदी आकर खेल पलट देंगे। पांच साल तक अगर किसी राज्य में कमजोर और नाकाम सरकार चलती है तो फिर वहां कोई जादू नहीं चल सकता है। तभी हैरानी है कि क्या मोदी और उनकी टीम ने कर्नाटक को लेकर इस बात को नहीं समझा? या कहीं ऐसा तो नहीं है कि यह समझते हुए भी मोदी को अपने पर भरोसा था और उन्होंने अपने को पूरी तरह से दांव पर लगाया? जो भी हो यह प्रमाणित हुआ है कि स्थानीय स्तर पर भाजपा को मजबूत नेता की जरूरत है, जो लोकप्रिय हो और जनाधार वाला हो। यह मैसेज कांग्रेस के लिए भी है। कर्नाटक में कांग्रेस आलाकमान ने प्रादेशिक क्षत्रप नेताओं को अपने हिसाब से चुनाव प्लान करने दिया और बिल्कुल स्थानीय मुद्दों पर प्रचार करके चुनाव लडने दिया, जिसका नतीजा सबके सामने है। इस जनादेश का एक और बड़ा पहलू यह है कि संभवतरू पहली बार भ्रष्टाचार का मुद्दा भाजपा के गले की हड्डी बना। इससे पहले भ्रष्टाचार का मुद्दा भाजपा पर नहीं चिपकता था। उलटे एक राष्ट्रीय नैरेटिव के जरिए कांग्रेस और बाकी विपक्षी पार्टियों को भ्रष्ट साबित किया गया है। कर्नाटक में यह दांव नहीं चला, उलटे भाजपा पर लगे आरोप को लोगों ने सही माना। इसका कारण यह है कि कर्नाटक में भाजपा पर आरोप लगाने का काम कांग्रेस के प्रवक्ता नहीं कर रहे थे, बल्कि यह काम स्थानीय संगठनों ने किया था। कर्नाटक के कांट्रैक्टर एसोसिएशन ने चिट्ठी लिख कर 40 फीसदी कमीशन मांगे जाने के आरोप लगाए थे तो स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन के लोगों ने भी ऐसे ही आरोप लगाए थे। इसलिए लोगों को इन आरोपों पर यकीन हुआ। यह एक बड़ा घटनाक्रम है, जिसका विपक्ष पूरे देश में इस्तेमाल कर सकता है।



# डब्ल्यूटीसी फाइनल 2023 से पहले ICC ने खत्म किया विवादित नियम, क्रिकेट जगत में आएगा बड़ा बदलाव

अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने क्रिकेट की दुनिया में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा, जिसे अगले महीने लंदन में होने वाली वर्ल्ड टेस्ट चौंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल मैच में लागू किया जाएगा। ये क्रिकेट की दुनिया का ऐसा नियम है जो लंबे समय से विवादित रहा है।



दरअसल ये नियम है सॉफ्ट सिग्नल नियम, जिसे अब इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसघ्लि ने खत्म करने का फैसला किया है। यानी अंतरराष्ट्रीय मैचों में अब से इस नियम को लागू नहीं किया जाएगा। इस नियम को लेकर लंबे समय से बदलाव किए जाने की मांग की जा रही थी, जिसे अब स्वीकार कर लिया गया है।

इस नियम को अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट काउंसघ्लि की क्रिकेट समिति के अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इस नियम में बदलाव किए जाने की मुहर लगाई है। इस नियम को लेकर किए गए बदलाव की जानकारी विश्व टेस्ट चौंपियनशिप की दोनों फाइनलिस्ट टीमों भारत और ऑस्ट्रेलिया को सौंप दी गई है। गौरतलब है कि लंदन के ओवल मैदान में सात से 12 जून के बीच भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच ये मुकाबला खेला जाएगा।

वहीं नए नियम के मुताबिक अगर विश्व टेस्ट चौंपियनशिप के मुकाबले के दौरान अगर लाइट की कंडीशन किसी भी स्तर पर खराब होती है तो फ्लड लाइट ऑन की जा सकेगी। हालांकि इस मैच के लिए ऐहतियात के तौर पर एक दिन रिजर्व भी रखा गया है।

जानें क्या है ये नियम

सॉफ्ट सिग्नल रूल क्रिकेट जगत का ऐसा नियम रहा है जिसे लेकर कई बार सवाल उठाए गए है। इन नियम को समाप्त करने के लिए कई दिग्गज वकालत कर चुके है। इस नियम के मुताबिक सॉफ्ट सिग्नल नियम गेंदबाज के अंपायर की तरफ से अंपायर रिव्यू करने का तरीका होता है। यानी जब ऑनफील्ड अंपायर किसी फैसले पर नाकाम रहते है। इसमें गेंदबाज की तरफ से अंपायर और थर्ड अंपायर के बीच विजुअल बातचीत होती है। इसमें गेंदबाज की ओर वाला अंपायर अपनी राय बताया है जिसके बाद थर्ड अंपायर अपना रिव्यू देता है।

इसमें ऑन फील्ड अंपायर्स यानी फील्ड के दोनों अंपायर थर्ड अंपायर की मदद लेते है। इसमें बल्लेबाज के आउट होने को लेकर वीडियो फुटेज की मदद से फैसला लिया जाता है। वहीं नए नियम के मुताबिक अगर संदिग्ध स्थिति है तो आउट होने के संदर्भ में फैसला थर्ड अंपायर ही लेगा।

बेन स्टोक्स ने उठाए थे सवाल

इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स ने इस नियम को लेकर सवाल खड़े किए थे। बेन स्टोक्स ने ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेले गए टेस्ट सीरीज के दौरान ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन को कैच आउट दिया गया था, जिसके लिए मुख्य कारण सॉफ्ट सिग्नल को जिम्मेदार ठहराया गया था। मगर ये कैच आउट काफी संदिग्ध लग रहा था। इसे लेकर काफी विवाद हुआ था।

# यूरोप चरण के लिये भारतीय टीम का ऐलान, हरमनप्रीत को कमान

नयी दिल्ली। ड्रैग फ्लिकर हरमनप्रीत सिंह को एफआईएच प्रो लीग हॉकी के यूरोप चरण के लिये भारतीय पुरूष हॉकी टीम का कप्तान बनाया गया है जबकि नये कोच क्रेग फुल्टोन का यह पहला टूर्नामेंट होगा। अपने मैदान पर एफआईएच प्रो लीग के पिछले चरण में भारतीय टीम विश्व चौम्पियन जर्मनी और आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपराजेय रही। यूरोप में टीम इस लय को कायम रखना चाहेगी जहां उसका सामना लंदन में बेल्जियम और ब्रिटेन से होगा जबकि नीदरलैंड में उसे अर्जेंटीना और नीदरलैंड से खेलना है। अपनी शादी के कारण घरेलू मैचों से बाहर रहे गोलकीपर कृशन बहादुर पाठक की टीम में वापसी हुई है जिनके साथ अनुभवी पी आर श्रीजेश होंगे। इनके अलावा टीम में पांच पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञ हरमनप्रीत, अमित रोहिदास, जरमनप्रीत सिंह, संजय और मनदीप मोर हैं। मनप्रीत सिंह अब मिडफील्ड की बजाय बैकलाइन में सुमित और गुरिंदर सिंह के साथ होंगे। मिडफील्ड में उपकप्तान हार्दिक सिंह, दिलप्रीत सिंह, एम रबिचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, आकाशदीप सिंह और विवेक सागर प्रसाद हैं।




फॉरवर्ड पंक्ति में सिमरनजीत सिंह की वापसी हुई है जो आखिरी बार जकार्ता में एशिया कप में खेले थे। उनके साथ अभिषेक, ललित उपाध्याय, एस कार्ति, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, राजकुमार पाल और मनदीप सिंह होंगे। फुल्टोन ने कहा ,'' यह टूर्नामेंट शीर्ष टीमों के खिलाफ खुद को आजमाने का सुनहरा मौका है। इससे हमें अपने खेल में सुधार का मौका मिलेगा।'' भारतीय टीम रू गोलकीपरः कृशन बहादुर पाठक, पी आर श्रीजेश डिफेंडर : हरमनप्रीत सिंह (कप्तान) ,अमित रोहिदास,जरमनप्रीत सिंह, मनप्रीत सिंह, सुमित, संजय, मनदीप मोर, गुरिंदर सिंह मिडफील्डर : हार्दिक सिंह, दिलप्रीत सिंह, एम रबिचंद्र सिंह, शमशेर सिंह, आकाशदीप सिंह और विवेक सागर प्रसाद फॉरवर्ड : सिमरनजीत सिंह, अभिषेक, ललित उपाध्याय, एस कार्ति, गुरजंत सिंह, सुखजीत सिंह, राजकुमार पाल और मनदीप सिंह।

# महेंद्र सिंह धोनी ने चेपॉक में फैंस को Lap of Honour देकर जीता दिल, फैंस को दिए खास गिफ्ट्स

महेंद्र सिंह धोनी को लेकर चर्चा है कि इंडियन प्रीमियर लीग 2023 उनका अंतिम सीजन होने जा रहा है। इस सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के सफल कप्तान ने अपने होम ग्राउंड यानी चेपॉक स्टेडियम में संभवतरू इस सीजन और अपने आईपीएल करियर का अंतिम मुकाबला कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ 14 मई को खेला। हालांकि दुर्भाग्य रहा कि इस मुकाबले में चेन्नई को हार का सामना करना पड़ा।

इस मैच में हार के बाद भी स्टेडियम में मौजूद फैंस ने चेन्नई सुपर किंग्स की टीम को दिल खोलकर प्यार जताया। इस मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स की टीम ने महेंद्र सिंह धोनी के नेतृत्व में पूरी टीम ने चेपॉक के स्टेडियम का चक्कर लगाया और फैंस को लैप ऑफ ऑनर दिया। इस मुकाबले के बाद फैंस को मैच देखने आने के लिए और अपना प्यार बरसाने के लिए ध ोनी ने धन्यवाद किया। फैंस ने जिस तरह टीम को हमेशा सपोर्ट किया है उसके लिए धोनी ने टीम के साथ फैंस का आभार जताया।



उन्होंने फैंस को टीम के साथ कई गिफ्ट्स भी बांटे जिसमें सीएसके की टीशर्ट और कई टेनिस बॉल शामिल थी। धोनी ने टेनिस बॉल्स को रैकेस से मारकर फैंस तक पहुंचाया। फैंस को लैप ऑफ ऑनर देते हुए धोनी के साथ टीम के सीईओ काशी विश्वनाथन, रवींद्र जडेजा, मोईन अली, अजिंक्य रहाणे, तुषार देशपांडे, दीपक चाहर, कोच स्टीफन फ्लेमिंग समेत टीम के अधिकतर सदस्य मौजूद थे। इस दौरान महेंद्र सिंह धोनी नी कैप पहने हुए दिखे जो उन्होंने घुटने की चोट के कारण पहना हुआ था।

मैच के बाद आया धोनी का बयान

धोनी ने बताया कि जैसे ही उनकी टीम मैदान पर गेंदबाजी करने उतरी उन्हें अंदाजा लग गया था कि टीम को 180 के करीब रन बनाने चाहिए थे। चेन्नई को छह विकेट पर 144 रन पर रोकने के बाद केकेआर ने 18.3 ओवर में चार विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। धोनी ने मैच के बाद प्रसारकों से कहा, '' दूसरी पारी में जब हमने पहली गेंद फेंकी तभी हमें पता चल गया था कि हमें 180 के करीब रन बनाने चाहिए थे।'' उन्होंने हालांकि टीम की हार के लिए किसी खिलाड़ी पर दोष मढ़ने की जगह परिस्थितियों को जिम्मेदार बताया।

धोनी ने कहा, '' हमारी गेंदबाजी के समय ओस ने बड़ा अंतर पैदा किया। हम वास्तव में अपने किसी भी गेंदबाज को दोष नहीं दे सकते। बस परिस्थितियों का खेल पर बड़ा प्रभाव पड़ा।'' धोनी ने इस मौके पर 34 गेंद में नाबाद 48 रन की पारी खेलने वाले शिवम दुबे और तीन विकेट लेने वाले दीपक चाहर की तारीफ की। उन्होंने कहा, '' शिवम ने जो किया है उससे बहुत खुश हूं, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि वह संतुष्ट नहीं है और सुधार करता रहता है। दीपक चाहर गेंद को स्विंग करने में माहिर है। उसे पता होता है कि कहा गेंदबाजी करनी है, कहां क्षेत्ररक्षक है और वह उसी के अनुसार गेंदबाजी करता हैं।

# क्या पाकिस्तान की सड़कों पर अब बहेगा और खून? इमरान खान को आर्मी चीफ की सीधी धमकी– बर्दाश्त नहीं करेंगे

पाकिस्तान में इमरान खान और सेना अध्यक्ष के बीच का विवाद किसी से छिपा नहीं है। पहले जनरल कमर जावेद बाजवा



पर उनको प्रधानमंत्री की कुर्सी से हटाने के आरोप के बाद पीटीआई प्रमुख की नए सेना प्रमुख से भी तल्खी लगातार जारी है। कोर्ट से पाक रेजर्स द्वारा इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद मुल्क हिंसा की आग में झुलस उठा था। लेकिन उस वक्त आर्मी चीफ पाकिस्तान में मौजूद नहीं थे। अब पाकिस्तानी सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर ने पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान को सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमलों के खिलाफ चेतावनी दी है। उन्होंने 9 मई के हमलों के लिए जिम्मेदार लोगों को गिरफ्तार करने का भी संकल्प लिया। इमरान खान की गिरफ्तारी के बाद पूरे पाकिस्तान में अभूतपूर्व विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया। गुस्साए पीटीआई समर्थकों ने ऐतिहासिक लाहौर कॉर्प्स कमांडर हाउस में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। जनरल आसिम मुनीर ने कहा है कि सशस्त्र बल अपने प्रतिष्ठानों या बर्बरता की पवित्रता और सुरक्षा का उल्लंघन करने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने सभी योजनाकारों, उकसाने वालों, भड़काने वालों और 9 मई के काले दिवस पर बर्बरता के निष्पादकोंष को न्याय दिलाने का संकल्प लिया। इंटर–सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) के मुताबिक जनरल मुनीर ने कोर मुख्यालय पेशावर का दौरा किया। हम शांति और स्थिरता के अपने प्रयासों को जारी रखेंगे और प्रक्रिया को खराब करने वालों के लिए कोई जगह नहीं होगी। अल–कादिर ट्रस्ट मामले में 9 मई को पीटीआई प्रमुख की गिरफ्तारी ने पार्टी कार्यकर्ताओं के हिंसक विरोध को भड़का दिया, जिन्होंने लाहौर कॉर्प्स कमांडर हाउस और जनरल हेडक्वार्टर (जीएचक्यू) सहित सार्वजनिक संपत्तियों को नुकसान पहुंचाया और सैन्य प्रतिष्ठानों पर हमला किया।

# पाकिस्तान में इमरान की रिहाई के खिलाफ प्रदर्शन, सुप्रीम कोर्ट पहुंचे हजारों पीडीएम कार्यकर्ता, पीएम शहबाज ने बुलाई एनएससी की बैठक

सत्तारूढ़ पाकिस्तान डेमोक्रेटिक मूवमेंट (पीडीएम) के कार्यकर्ताओं



ने सोमवार को पूर्व प्रधानमंत्री और पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान को न्यायपालिका के श्तरजीही उपचारश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के जज गेट के सामने प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश के खिलाफ और कुछ जगहों पर पाकिस्तानी सेना के समर्थन में नारे लगाए। सुप्रीम कोर्ट (ै) की तीन सदस्यीय पीठ ने पाकिस्तान के चुनाव आयोग (म्ब्) की उस याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी, जिसमें शीर्ष अदालत से पंजाब विधानसभा में 14 मई को एक सप्ताह के लिए चुनाव कराने के अपने 4 अप्रैल के आदेश पर फिर से विचार करने के लिए कहा गया था। बुशरा बीबी को जमानतः लाहौर उच्च न्यायालय ने अल–कादिर ट्रस्ट मामले में पूर्व प्रथम महिला बुशरा बीबी को 23 मई तक सुरक्षात्मक जमानत दी है। पीटीआई के अध्यक्ष इमरान खान अपनी पत्नी के साथ अदालत पहुंचे। अब इमरान करेंगे केसः इमरान खान की पार्टी उन्हें गिरफ्तार करने के लिए पाकिस्तान की भ्रष्टाचार रोधी संस्था पर मुकदमा करेगी। पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक–ए–इंसाफ ने भ्रष्टाचार के आरोपों पर इस्लामाबाद उच्च न्यायालय से उनका ष्अपहरणष करने के लिए देश के शीर्ष भ्रष्टाचार निरोधक के खिलाफ मामला दर्ज करने का फैसला किया है। पीएम शहबाज ने आज एनएससी की बैठक बुलाईः प्रधान मंत्री शहबाज शरीफ ने मंगलवार (कल) के लिए सभी सेवा प्रमुखों की उपस्थिति में राष्ट्रीय सुरक्षा समिति (छैब्) की बैठक बुलाई है। बैठक सैन्य और सरकारी भवनों पर भीड़ के हमलों की हालिया घटनाओं के बाद देश में मौजूदा सुरक्षा स्थिति पर विचार–विमर्श करेगी। डॉनन्यूजटीवी के मुख्य रिपोर्टर सनाउल्लाह खान ने अपने सूत्रों के हवाले से बताया कि सेना सरकार को सैन्य इमारतों में तोड़फोड़ में शामिल आरोपी व्यक्तियों के मुकदमे के लिए ष्विशेष अदालतेंष स्थापित करने का प्रस्ताव दे सकती है। बैठक में विदेश, रक्षा, वित्त, आंतरिक और सूचना मंत्री भी शामिल होंगे।

# धोनी के पीछे खास वजह से दौड़ते दिखे सुनील गावस्कर, सीएसके को हराने के बाद रिकू सिंह ने जताया माही का आभार

चेन्नई। कोलकाता नाइट राइडर्स ने 14 मई को चेन्नई सुपर किंग्स के होम ग्राउंड में खेले गए मुकाबले में मेजबान टीम को 6 विकेट से हरा दिया। मगर इस मुकाबले में हारने के बाद भी महेंद्र सिंह धोनी ने स्टेडियम में आए फैंस का दिल जीत लिया और उन्हें लैप ऑफ ऑनर दिया। इसी बीच स्टेडियम में कुछ ऐसा हुआ जिसकी चर्चा लगातार की जा रही है।



दिग्गज सुनील गावस्कर ने लिया ऑटोग्राफ

भारतीय क्रिकेट के सबसे महान बल्लेबाजों में से एक सुनील गावस्कर ने रविवार को देश के सबसे सफल क्रिकेट कप्तान महेंद्र सिंह धोनी का ऑटोग्राफ लिया। टेस्ट क्रिकेट में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों के सामने 10 हजार से ज्यादा रन बनाने वाले गावस्कर ने कोलकाता नाइटराइडर्स और चेन्नई सुपरकिंग्स के बीच यहां खेले गये मैच के बाद धोनी ने अपने सीने के पास शर्ट पर ऑटोग्राफ लिया। चेन्नई सुपरकिंग्स का मौजूदा सत्र में यह चेपॉक मैदान पर यह आखिरी मैच था।

धोनी के पीछे भाग कर गावस्कर ने लिया ऑटोग्राफ

दरअसल मैच के बाद फैंस को लैप ऑफ ऑनर देते हुए महेंद्र सिंह धोनी अपनी टीम के साथ स्टेडियम में घूम रहे थे और टेनिस रैकेट व ऑटोग्राफ वाली टेनिस गेंदों के साथ मैदान में आये और वहां मौजूद दर्शकों को रैकेट की मदद से गेंद देने लगे। धोनी के साथ चेन्नई सुपरकिंग्स के दूसरे खिलाड़ी भी मैदान का चक्कर लगाकर दर्शकों को गेंद और टी–शर्ट दे रहे थे तभी गावस्कर पीछे से दौड़ते हुए उनके पास पहुंचे और फिर धोनी ने उनके सीने के पास शर्ट पर अपना हस्ताक्षर किया।

गावस्कर ने धोनी को बताया सर्वश्रेष्ठ कप्तान

मौजूदा सत्र में धोनी ने कप्तान के तौर पर जब चेन्नई के लिए 200वां मैच खेला था तब गावस्कर ने उन्हें आईपीएल इतिहास का सर्वश्रेष्ठ कप्तान करार दिया था। गावस्कर ने इस साल 17 अप्रैल को कहा था, '' चेन्नई सुपर किंग्स की टीम कठिन परिस्थितियों से बाहर निकलना जानती है और ऐसा ध ोनी की कप्तानी में ही संभव हो पाया है। किसी एक फ्रेंचाइजी के लिए 200 मैचों में कप्तानी करना काफी मुश्किल होता है, कप्तानी एक बोझ की तरह है जो खिलाड़ी के प्रदर्शन को प्रभावित करता है लेकिन माही अलग हैं, वह एक अलग कप्तान हैं। उनके जैसा कप्तान कभी नहीं हुआ और ना ही भविष्य में कोई उनके जैसा होगा।'' गौरतलब है कि धोनी टी20 और एकदिवसीय विश्व कप के अलावा चौम्पियंस ट्रॉफी जीतने वाले दुनिया के इकलौते कप्तान है। आईपीएल में भी उन्होंने चार खिताब जीते है और उनकी टीम मुंबई इंडियंस (पांच खिताब) के बाद इस लीग की दूसरी सबसे सफल टीम है।

रिंकू सिंह ने लिया धोनी का ऑटोग्राफ

इस मुकाबले में रिंकू सिंह ने साबित किया कि वो ध ामाकेदार खिलाड़ी है। जीत के बाद खुद रिंकू सिंह ने चेन्नई के कप्तान महेंद्र सिंह ध ोनी से जर्सी पर ऑटोग्राफ भी लिया। इस पल का वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। वीडियो में महेंद्र सिंह धोनी जाते हुए दिखते हैं तभी रिंकू सिंह जर्सी लेकर उनस ऑटोग्राफ मांगते है। ध ोनी उन्हें जर्सी पर ऑटोग्राफ देते है। रिंकू सिंह के अलावा कोलकाता के स्पिनर वरुण चक्रवर्ती ने भी जर्सी पर माही से ऑटोग्राफ लिया है।

# तुर्की राष्ट्रपति चुनावः किसी को नहीं मिले 50 प्रतिशत वोट, अब 28 मई को होगा निर्णायक मुकाबला

तुर्की राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और उनके विपक्षी प्रतिद्वंद्वी केमल किलिकडारोग्लू के महत्वपूर्ण चुनाव जीतने के लिए आवश्यक 50 प्रतिशत की सीमा तक न तो पहुंचने के कारण अब सभी की निहागे 28 मई पर जाकर टिक गई हैं। एर्दोगन अपने सत्तावादी शासन पर एक फैसले के रूप में देखे जाने वाले चुनाव में राष्ट्रपति के रूप में तीसरे पांच साल के कार्यकाल की मांग कर रहे हैं। उन्होंने देश पर 20 वर्षों का लंबा शासन किया है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने बताया कि 28 मई को होने वाले दूसरे दौर के मतदान से बचने के लिए न तो उन्होंने और न ही किलिकडारोग्लू ने आवश्यक 50 प्रतिशत के वोट प्राप्त हो सके। सरकारी अनादोलु समाचार एजेंसी के अनुसार, एर्दोगन 49.39 प्रतिशत वोटों के साथ आगे चल रहे हैं, जबकि किलिकडारोग्लू 44.92 प्रतिशत वोटों के साथ कड़ी टक्कर दे रहे हैं। देश के चुनाव निकाय, सुप्रीम इलेक्टोरल बोर्ड के अनुसार, अब तक लगभग 97 प्रतिशत मतपेटियों की गिनती की जा चुकी है। दोनों पक्षों ने जीत का दावा कियाः दोनों खेमों ने जीत का दावा किया क्योंकि मतगणना चल रही थी। जबकि एर्दोगन के समर्थकों ने राजधानी अंकारा सहित विभिन्न शहरों में जश्न मनाया, किलिकडारोग्लू ने अपने समर्थकों से धैर्य रखने का आग्रह किया और एर्दोगन की पार्टी पर मतगणना प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाया। राष्ट्रपति चुनाव से पहले, कई जनमत सर्वेक्षणों ने कड़े मुकाबले की भविष्यवाणी की थी।



# प्राइमरी, हाईस्कूल, इंटर पास आठ अध्यक्ष चलाएंगी पंचायत

देवरिया। शहर के सरकार की कमान प्राइमरी, हाईस्कूल, इंटर की शैक्षिक योग्यता रखने वालों के हाथ में हैं। जबकि अन्य स्नातक, परास्नातक हैं। वहीं दो के शैक्षिक योग्यता के कालम में अन्य है। नगर पालिका देवरिया अध्यक्ष अलका सिंह स्नातक तो गौरीबरहज नगर पालिका अध्यक्ष श्वेता जायसवाल की शैक्षिक योग्यता परास्नातक है। वहीं नगर पंचायत रुद्रपुर व लार अध्यक्ष प्राइमरी पास हैं। जबकि भाटपाररानी अध्यक्ष की शैक्षिक योग्यता जूनियर हाईस्कूल है। इसी तरह नगर पंचायत अध्यक्ष सलेमपुर हाईस्कूल, भटनी स्नातक, मझौलीराज परास्नातक, पथरदेवा हाईस्कूल, मदनपुर स्नातक, भलुअनी हाईस्कूल, गौरीबाजार हाईस्कूल, बैतालपुर इंटर, तरकुलवा व हेतिमपुर नगर पंचायत अध्यक्ष की शैक्षिक योग्यता परास्नातक है। जबकि रामपुर कारखाना और बरियारपुर नगर पंचायत अध्यक्ष के शैक्षिक योग्यता के कालम में अन्य दर्ज किया गया है। नगर पालिका देवरिया में एक निरक्षर तो एक प्राइमरी व तीन जूनियर हाईस्कूल पास है सभासद

नगर पालिका परिषद देवरिया के 33 वार्ड के सभासद में एक निरक्षर हैं, जबकि एक प्राइमरी व तीन जूनियर हाईस्कूल की शैक्षिक योग्यता रखते हैं। पांच हाईस्कूल, आठ इंटर हैं, अन्य के पास स्नातक व परास्नातक की शैक्षिक योग्यता है। वार्ड नंबर दो मां नगरवा भगवती धूस की सभासद पुष्पा देवी भाजपा पढ़ी–लिखी नहीं हैं। 10 सोमनाथ नगर की अनिता भाजपा प्राइमरी पास हैं। 24 राघवनगर पूर्वी सत्यप्रकाश सिंह पिंटू निर्दल परास्नातक, 33 न्यूकालोनी दक्षिणी नृपेंद्र कुमार त्रिपाठी राणा निर्दल इंटर पास हैं। 27 गरूलपार के संजय निर्दल हाईस्कूल, 29 रौनियारी टोला के गौहर अली निर्दल इंटर, 18 मुंशी गोरखनाथ टोला के धर्मेंद्र सिंह निर्दल स्नातक, 20 रामगुलाम टोला के पवन कुमार जायसवाल निर्दल स्नातक, 4 कठिनइया कतरारी बालेंद्र बहादुर सिंह निर्दल इंटर, 11 चकियवां के प्रवीण निर्दल स्नातक, 23 राघव नगर पश्चिमी की उषा मिश्रा निर्दल, 5 दानोपुर भटवलिया की निर्मला व 22 देवरिया खास पूर्वी की इंदु देवी निर्दल जूनियर हाईस्कूल, 31 अबूबकर नगर दक्षिणी की नादरा तबस्सुम निर्दल स्नातक, 3 मेहड़ा अजय कुमार निर्दल इंटर, 1 रघवापुर की वंदना देवी निर्दल, 14 उमानगर कतरारी के ऋषि कुमार यादव निर्दल स्नातक, 8 साकेत नगर की माला देवी निर्दल की शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल है।

वार्ड नंबर 17 पगरा उर्फ परसिया से सपा के वृजेश हाईस्कूल, 32 अबूबकर नगर उत्तरी से सपा के तसलीम मलिक इंटर, भाजपा के वार्ड नंबर 16 आजाद नगर के सौरभ तिवारी, 25 आचार्य रामचंद्र शुक्ल नगर के रमेश, 13 सिंधी मिल कालोनी के अमित मिश्र, 26 नई बाजार के मनोज गोयल, 30 नई कालोनी उत्तरी के अभय कुमार मल्ल, 6 अंबेडकर नगर की रूपा शुक्ला की शैक्षिक योग्यता स्नातक है। भाजपा के वार्ड नंबर 15 सोंदा के शिवानंद परास्नातक, 9 पिड़रा की माया देवी, 19 रामनाथ देवरिया उत्तरी जयप्रकाश शर्मा, 21 बांस देवरिया के जावेद आलम इंटर, 28 रामनाथ देवरिया दक्षिणी कतरारी उर्मिला, सात देवरिया खास पश्चिमी संजय गुप्ता हाईस्कूल, 12 रामगुलाम टोला पूर्वी प्रियंका स्नातक पास हैं।

नगर पालिका गौरा बरहज में हैं चार निरक्षर

नगर पालिका गौरा बरहज के 25 वार्ड के सभासद में चार सभासद पढ़े–लिखे नहीं है। जबकि पांच परास्नातक, चार स्नातक, छह हाईस्कूल तीन इंटर, दो अन्य व एक सभासद डिप्लोमाधारी हैं।

वार्ड नंबर 10 पटेल नगर केवटलिया के विजय सभासद रामईश्वर निर्दल इंटर पास हैं।11 नंदना पूर्वी के अभिषेक सिंह निर्दल परास्नातक, 16 जयनगर मध्य के लव कुमार सोनकर निर्दल स्नातक, 19 पटले नगर उत्तरी पश्चिमी के सुदामा वर्मा निर्दल इंटर, 23 पुराना बरहज उत्तरी पश्चिमी के बलवंत सिंह निर्दल हाईस्कूल, 12 तिवारीपुर वरगईया की रेनू निर्दल हाईस्कूल, 13 नंदना मध्य की द्रोपदी देवी निर्दल पढ़ी लिखी नहीं है, वह निरक्षर हैं। 14 नंदना दक्षिणी पश्चिमी की पूनम देवी निर्दल हाईस्कूल, 6 जयनगर पूर्वी के विकास निर्दल हाईस्कूल, 8 लवरछी के रामप्रवेश यादव निर्दल अन्य, 25 पटेल नगर मध्य के मुहर्रम निर्दल स्नातक, 17 नंदना उत्तरी पश्चिमी की कु. अंजू यादव निर्दल स्नातक हैं। वहीं 24 मोहाव की जशोदिया निर्दल व एक पलिया पचौहा की सुरजावती निर्दल पढ़ी लिखी नहीं है। 3 उजरा मोहाव पचौहा के दीपक कुमार निर्दल डिप्लोमाधारी, 15 गौरा पूर्वी की सुशीला देवी निर्दल अन्य, 4 आजाद नगर उत्तरी के राजन परास्नातक, 20 गौरा पश्चिमी के आशीष कुमार सिंह सपा की शैक्षिक योग्यता स्नातक है। 5 आजाद नगर दक्षिणी पश्चिमी से भाजपा के सभासद उमेश हाईस्कूल, 9 पुराना बरहज पूवीर के कृष्णानंद भाजपा इंटर, 18 पटेल नगर दक्षिणी पश्चिमी शुभम निषाद भाजपा परास्नातक, 22 आजाद नगर दक्षिणी पूर्वी नवाव हुसैन भाजपा हाईस्कूल, 7 मईलौटा बारी टोला मीना देवी भाजपा परास्नातक व 2 गौरा जयनगर की उमा देवी भाजपा पढ़ी–लिखी नहीं है।

## पुरानी रंजिश में दो भाइयों पर जानलेवा हमला, छह पर केस दर्ज

देवरिया। थाना क्षेत्र के एक गांव में पुरानी रंजिश में दबंगों ने दो सगे भाइयों को लाठी–डंडे और रॉड से मारपीट कर घायल कर दिया। एक का इलाज मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में चल रहा है। पुलिस मामले में 6 लोगों के विरुद्ध मारपीट, बलवा और जानलेवा हमला सहित अन्य धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर मामले की छानबीन में जुट गई है। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के मदिरा पाली खास के रहने वाले रोहित यादव पुत्र रामसेवक यादव ने बताया कि शुक्रवार सुबह गांव के कुछ लोग ट्रैक्टर से खेत जोतने को लेकर गोलबंद होकर दरवाजे पर लेकर लाठी–डंडे लेकर आए तथा गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। मेरे भाई सतीश और हमको मारपीट कर घायल कर दिया। इससे वह बेहोश हो गया। मामले में पुलिस ने मदीरा पाली खास गांव निवासी अमन यादव, अभय यादव, सुरेंद्र यादव, बब्बन यादव, विशाल निषाद तथा अनीश के विरुद्ध बलवा और घर में घुसकर मारपीट तथा जानलेवा हमला के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया। इस संबंध में थाना अध्यक्ष नरेंद्र कुमार राय ने बताया कि मामले में 6 लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन की जा रही है।

## नगर पालिका गौरा–बरहज में पिता–पुत्र बने अलग–अलग वार्डों के सदस्य

देवरिया । निकाय चुनाव के घोषित परिणाम में नगर पालिका गौरा–बरहज में पिता बलवंत सिंह और उनके पुत्र अभिषेक सिंह बिट्टू दो अलग–अलग वार्डों के सदस्य चुने गए हैं। दोनों को मिली जीत की नगर में चर्चा है। पुराना बरहज उत्तरी–पश्चिमी वार्ड नंबर 23 से बलवंत सिंह चुनाव मैदान में निर्दल प्रत्याशी थे। उन्होंने 791 मत पाकर निकटतम प्रतिद्वंद्वी सूरज को 474 मतों से पराजित किया। जबकि उनके पुत्र अभिषेक सिंह नंदना पूर्वी वार्ड नंबर 11 से निर्दल प्रत्याशी थे। अभिषेक ने 949 वोट पाकर विपक्षी संध्या पांडेय को 706 मतों से पराजित किया। 2017 के नगर पालिका चुनाव में बलवंत सिंह की पत्नी पार्वती देवी वार्ड 23 पुराना बरहज, जबकि वार्ड 11 से उनकी पुत्री अलका सिंह वार्ड सदस्य रही थीं। इस बार के निकाय चुनाव में पत्नी की सीट पर पति बलवंत और पुत्री के सीट पर पुत्र अभिषेक सिंह ने जीत हासिल किया है।

## सबसे कम उम्र के पंकज पहली बार बने सभासद

भाटपार रानी। नगर पंचायत के वार्ड 6 पोखरा पार से सबसे कम 21 वर्ष के पंकज यादव पहली बार सभासद चुने गए हैं। उनकी शिक्षा कक्षा 8 तक है। लेकिन समाज सेवा में वह अग्रणी भूमिका निभाते है। वार्ड 2 हनुमानगढ़ी से जीती सपा सभासद अनीता देवी साक्षर हैं। वे किसी तरह हस्ताक्षर बना लेती हैं। वार्ड 5 रामपुर लिटिहा से कैलाश यादव लगातार तीसरी बार सभासद बने हैं। जनता ने उन्हें अच्छे कार्यों की बदौलत तीसरी बार सभासद बनाया है। वार्ड 4 चिकटोली से सुरेंद्र चौहान भाजपा से दूसरी बार सभासद बने हैं। वहीं भाजपा के वार्ड नंबर 9 दुर्गा मंदिर से राजेश गुप्ता लगातार दूसरी बार चुनाव जीते हैं। इस तरह से देखा जाए तो बोर्ड गठन में इस बार निर्दलीय सभासदों, जिनकी संख्या 6 है, की मुख्य भूमिका होगी। इसके अलावा भाजपा के 4 तथा सपा के दो प्रत्याशी जीते हैं। उनकी भी महती की भूमिका रहेगी।

## शराबी पति रोज करता था पिटाई, मायके जाकर जान बचाई

महराजगंज। निचलौल थाना क्षेत्र के एक गांव में मामूली बात से नाराज होकर पति ने पत्नी की पिटाई कर दी। विवाहिता ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है पति ने उसके शरीर पर डीजल उड़ेलकर आग लगाने की कोशिश भी की। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस पति समेत छह लोगों पर संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर जांच कर रही है। पीड़िता ने पुलिस को दिए तहरीर में कहा है कि 29 नवंबर 2021 को उसकी शादी थाना क्षेत्र के ही एक गांव निवासी युवक से हुई थी। विदाई के बाद चह ससुराल चली गई। शादी के 15 महीनों तक सबकुछ ठीक रहा। इसी बीच पति को शराब पीने की लत लग गई। उसके बाद पति नशे में घर आने लगे। छोटी–छोटी बात पर मारपीट करने लगे। विवाहिता का आरोप है कि पांच फरवरी 2023 को पति बाजार से मीट लेकर आए। वह मीट बनाने जा रही थी। पति बोले तुम मीट नहीं बना पाती हो। फिर उसकी पिटाई करने लगे। विरोध करने पर परिजनों के साथ मारपीट कर घर से खदेड़ दिया। पांच मार्च 2023 को सुलह–समझौते के बाद पुनरू ससुराल गई। फिर 13 मई 2023 को पति ने उसकी पिटाई कर दी। महिला थाना प्रभारी कंचन राय ने बताया कि पीड़िका की तहरीर पर आरोपी पति समेत छह लोगों पर केस दर्ज कर जांच की जा रही है। दवा खिलाकर गर्भपात कराने का आरोपः पीड़ित पत्नी ने पुलिस से बताया है कि उन्हें चार माह का गर्भ था। पति ने पिटाई कर दवा खीला दी। इससे उसका गर्भपात हो गया।

## महराजगंज पालिका में पहली बार दौड़ी साइकिल

महराजगंज। महराजगंज की जनता ने 35 साल बाद नगर पालिका के इतिहास को बदलने का कार्य किया। इस बार जनता ने सपा प्रत्याशी पर भरोसा जताते हुए पहली बार पालिका की सीट पर साइकिल दौड़ाई है। वर्ष 1988 में कांग्रेस से पहली बार रमाकांत अध यक्ष बने थे। इसके बाद 90 से लेकर 2006 तक यह सीट भाजपा के पास रही। 1990 में कृष्णगोपाल जायसवाल कार्यवाह अध्यक्ष बनाए गए। वर्ष

1992 से 1993 तक रामदुलारे व ओमप्रकाश मद्धेशिया अध्यक्ष रहे। इसके बाद जयमंगल कन्नौजिया, सुनीता कन्नौजिया व रीता देवी ने भी भाजपा के टिकट पर प्रतिनिधित्व किया। 2012 में इस सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी रीता भारती ने अपना परचम लहराया। वर्ष 2017 से लेकर 2022 तक कृष्ण गोपाल ने इस सीट पर प्रतिनिधित्व किया। इस बार जनता ने परिवर्तन का मन बनाया तो इस सीट पर पहली बार साइकिल दौड़ी व पुष्पलता को अध्यक्ष बनने का अवसर मिला। कांग्रेस, सपा, भाजपा व बसपा ने भी पहली बार चखा जीत का स्वादः नगर पंचायत सोनौली में पहली बार कांग्रेस प्रत्याशी ने जीत का स्वाद चखा है। इसके पूर्व वहां से निर्दल की कामना त्रिपाठी विजयी हुई थीं। परतावल सीट पर पहली बार बसपा, पनियरा व बृजमनगंज सीट पर पहली बार भाजपा व निचलौल सीट पर पहली बार सपा ने जीत दर्ज किया है।

## दहेज की भीख मांगना बंद करे मुस्लिम समाजः मौलाना

### छपिया मिश्र गांव में आयोजित हुआ पैगाम–ए–हक कांफ्रेंस

देवरिया। तहसील क्षेत्र के छपिया मिश्र गांव में रात पैगाम –ए– हक कांफ्रेंस नामक जलसा का आयोजन किया गया। जिसमें तमाम उलमा–ए– कराम व शोरा –ए– इस्लाम ने अपनी तकरीर व नात –ए– नबी के जरिए मुस्लिम समाज के लोगों को नसीहत दी। मुख्य अतिथि अलजामिअतुल अशरफिया अरबी यूनिवर्सिटी मुबारकपुर आजमगढ़ के सरबराह–ए आला पीर– ए– तरीकत हजरत अल्लामा मौलाना अब्दुल हफीज साहब किब्ला ने कहा कि आज दहेज प्रथा जैसी बुराई बढ़ती जा रही है। मुस्लिम समाज के लोगों को दहेज की भीख मांगना बंद करना चाहिए। मुबारकपुर से ही तशरीफ लाए मौलाना नइमुद्दीन बरकाती ने कहा कि मां–बाप को चाहिए कि अपने बेटे–बेटियों को अनावश्यक रूप से मोबाइल देने के बजाय अच्छी तालीम दें। ऑल इंडिया गरीब नवाज कौंसिल के राष्ट्रीय अध यक्ष मौलाना मु. हासिम अशरफ कानपुरी ने कहा कि सच्चा मुसलमान वह है, जो अपने बर्ताव से किसी को तकलीफ न पहुंचाए। जलसे में आजमगढ़ के शायर एहसान शाकिर व सीतामढ़ी के शायर तजम्मुल हुसैन ने अपना नात – ए– कलाम पेश कर वाहवाही बटोरी। इस दौरान भाजपा के क्षेत्रीय मंत्री हरिचरन सिंह कुशवाहा, हाफिज नईमुद्दीन, मौलाना निजामुद्दीन बरकाती, मौलाना महमूद आलम कादरी, मौलाना इजहार अहमद, मौलाना अतिउल्लाह, मौलाना ग्यासुद्दीन, कवि व शायर मकसूद अहमद भोपतपुरी, हाफिज जुलकर नैन, मौलाना सिराजुद्दीन, अली असगर और निजामुद्दीन आदि मौजूद थे।

## नौतनवां, सदर विधायक के क्षेत्र में नहीं खिला कमल

### निर्दल, कांग्रेस, बसपा व सपा ने खोला खाता, जनादेश के संदेश को समझ रहे नेता

महराजगंज। नगर निकाय चुनाव परिणाम का सियासी संदेश दूर तक पहुंच रहा है। इस बार के चुनाव में दिग्गजों की बोलती बंद कर दी है। एक एक सीट के लिए बनाया गया बूथ मैनेजमेंट सब फेल हो गया। सतह पर मजबूती का दावा करने वाली पार्टियों की कथनी करनी सामने आ गई। जनादेश से सियासत से जानकार सबकुछ समझ चुके हैं। जनता जब बदलाव का मन बना लेगी तो ऐसे ही परिणाम सामने आते हैं।

जानकारी के अनुसार जिले की दो नगर पालिका है। नौतनवां में निर्दल तो महराजगंज में सपा ने कब्जा जमाया। आठ नगर पंचायतें हैं, इसमें तीन पर भाजपा, दो निर्दल, एक बसपा, एक सपा व एक कांग्रेस के खाते में दर्ज हुई है। बात सदर विधानसभा से शुरू करें तो इस क्षेत्र में चौक बाजार व घुघली नगर पंचायत है। दोनो जगहों पर भाजपा का करारी हार का सामना करना पड़ा है। इन दोनों सीटों को जीतने के लिए सभी ने पूरी मेहनत की, लेकिन जनादेश अनुमान के विपरित आ गया। सदर विधायक अपने क्षेत्र में एक भी सीट जीताने में कामयाब नहीं हो सके। इसी तरह से नौतनवां विधायक को भी कामयाबी नहीं मिली। सोनौली में प्रत्याशी की जीत से पार्टी को संजीवनी मिली तो नौतनवां में भी निर्दल ने कब्जा जमा लिया। यहां दोनों सीटों पर भाजपा का हार का सामना करना पड़ा। सिसवा विधानसभा क्षेत्र में एक सीट पर चुनाव हुआ था। उसमें भी पार्टी को जीत नहीं मिल सकी। निचलौल नगर पंचायत से सपा ने जीत दर्ज की। रोटरी क्लब के पूर्व मीड़िया प्रभारी दशरथ गुप्ता कहते हैं कि चुनाव में सब कुछ जनता जनार्दन की मर्जी चलता है। जरूरी है कि समय रहते ही जनता के मूड को भांप लिया जाय। स्थानीय चुनाव में बहुत फैक्टर काम करता है। सभी पर मजबूती से काम करना पड़ता है।

## शनि कुमार वर्मा ने इनकम टैक्स इंस्पेक्टर बनकर जिले का नाम रोशन किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। बांसी तहसील के ग्राम सोनफेरवा बुजुर्ग ,थाना गोल्हौरा के शनि कुमार वर्मा ने एस एस सी सीजीएल में इनकम टैक्स इंस्पेक्टर बनकर गांव और जिले का नाम रोशन किया। इस उपलब्धि को पाने का श्रेय शनि कुमार वर्मा ने अपने पिता कृष्ण लाल वर्मा और चाचा को दिया,शनि का कहना है पिता के संघर्षों से प्रेरणा पाकर वह दृढ़ निश्चयी बने। इस उपलब्धि से शनि के गांव सोनफेरवा बुजुर्ग के लोग बहुत खुश है,उनका कहना है कि शनि बचपन से ही बहुत ही होनहार था तथा पढ़ाई के प्रति बहुत समर्पित था, गांव के लोगों ने कहा कि आज पूरा गांव बहुत प्रसन्न हैं। शनि की 12वीं तक की पढ़ाई जवाहर नवोदय विद्यालय बसंतपुर बांसी से और बीटेक की



शिक्षा झांसी से सरकारी कॉलेज से हुआ था। शनि का सपना आई ए एस बनकर देश सेवा करने का है। शनि ने कहा कि माता पिता और गुरुजनों का आशीर्वाद रहा तो वह निश्चित ही आई ए एस बनकर देश की सेवा करेंगे। शनि के इस उपलब्धि पर क्षेत्र के शिक्षक रत्नेश श्रीवास्तव, डॉ सुशील सागर, अधि ावक्ता, बी एन अग्रहरि, चिकित्सक अविनाश कुमार वर्मा, डॉ आर०डी० कुशवाहा, विनीत सिंह, प्रमोद कुमार श्रीवास्तव, शिक्षक अमित कुमार श्रीवास्तव, वचनेश मौर्य, दिनेश यादव, संतोष कुमार, संजय कनौजिया, प्रमोद यादव, अजय वर्मा, आदि ने शनि एवं उनके परिवार को शुभकामना दिया है।

## बोर्ड परीक्षा में पास बच्चियों को किया गया सम्मानित

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर।स्थानीय नगर क्षेत्र के बाबा हरीदास इंटर



कॉलेज में बोर्ड परीक्षा 2023 में बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चो को सम्मानित किया गया।इसके तहत प्रत्येक कक्षा के तीन मेधावियो को विभिन्न प्रकार के पुरस्कारों और मेडल से सम्मानित करते हुए उन्हें आगे और बढ़ने के लिए हौसला अफजाई किया।इस मौके पर प्रधानाचार्य मनोज कुमार गौतम ने इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में 77 प्रतिशत अंको के उत्तीर्ण करने वाली सरिता 72.20: प्रतिशत के साथ उत्तीर्ण करने वाली छात्रा गरिमा और 71.60: प्राप्त करने वाले जन्नत खान को सम्मानित किया। इन मेधवियो बच्चो को सम्मानित करते हुए उन्हें अगली कक्षाओं में और बेहतर प्रदर्शन करने के सुझाव देते देते हुए कहा कि जीवन में ईमानदारी ,मेहनत और लगन के त्रिसूत्रीय गुणों को अंगीकार कर सतत कर्म पथ पर आगे बढ़ना चाहिए।सफलता के लिए शार्ट कट रास्ते के बजाय निरन्तर परिश्रम सफलता का मूलमंत्र है।प्रध ाानाचार्य ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बताया कि जब से कॉलेज का प्रभार संभाला हूँ, कॉलेज शिक्षा के क्षेत्र में नित नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है, तो बोर्ड परीक्षा में कॉलेज के छात्र छात्रा निरंतर बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं।उन्होंने जांनकारी देते हुए बताया कि नए शिक्षण सत्र 2023–24 की कक्षाएं गुणवत्तापरक ढंग से चलनी शुरू होगयी हैं।

## पथरा बाजार पुलिस ने आपरेशन त्रिनेत्र में राम मिलन शर्मा को सम्मानित किया

दैनिक बुद्ध का संदेश

पथरा बाजार ,सिद्धार्थनगर। आपरेशन त्रिनेत्र" के तहत ग्राम खोरिया रघुवीर सिंह से भग्गोभार आने जानें वाले मुख्य सड़क मार्ग पर राम मिलन



शर्मा द्वारा ग्राम खोरिया रघुवीर सिंह मे कुल 02 सीसीटीवी कैमरें लगवाने पर थाना पथरा बाजार पुलिस द्वारा सम्मानित किया गया।आप को बता दे की थानाध्यक्ष राम कुमार राजभर थाना पथरा बाजार द्वारा खोरिया रघुवीर सिंह से भग्गोभार आने जानें वाले मुख्य सड़क मार्ग परराम मिलन शर्मा पुत्र स्वव साधू शर्मा के सौजन्य से कुल 02 सीसीटीवी कैमरें लगवाए जाने पर थानाध्यक्ष राम कुमार राजभर थाना पथरा बाजार द्वारा सम्मानित कर उनके इस कार्य की भूरि भूरि प्रशंसा की गई । पुलिस की इस पहल का आम जनमानस द्वारा स्वागत किया गया । आपरेशन त्रिनेत्र अभियान के तहत सुरक्षा के लिहाज से इन सीसीटीवी कैमरों को पुलिस जन सहयोग से चौराहों और सड़कों पर लगवाने का कार्य किया जा रहा है।

# अमृत सरोवरः जल संचयन से पानी की समस्या होगी कम:मा0 मंत्री समाज कल्याण

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ अमृत सरोवर अभियान के तहत आज जनपद में 105 अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया, इस अवसर पर मा0 मंत्री समाज कल्याण श्री संजीव गौंड़ ने ग्राम पंचायत चोपन में अमृत सरोवर निर्माण कार्य का मन्त्रोंच्चार के साथ भूमि पूजन करने के बाद निर्माण स्थल पर फावड़ा चलाकर शुभारंभ कर, अमृत सरोवर की आधारशिला रखी, राज्यमंत्री ने कहा कि जिले में आज 105 अमृत सरोवरों का निर्माण कार्य का शुभारंभ किया गया है, जो भूगर्भ जल को बचाने की एक बेहतरीन कोशिश की गयी है, इसके निर्माण के बाद काफी जल का संचयन हो सकेगा, जिससे लोगों को पानी की किल्लत से काफी राहत मिल सकेगी, इसके लिए केन्द्र व प्रदेश सरकार तत्पर है, बस जरूरत हैं, हम सभी को इसके देख–भाल व संरक्षण करने की। इसी प्रकार से जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने आज आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ अमृत सरोवर अभियान के तहत पंचायत तालुका मुठेर के अमृत सरोवर के निर्माण कार्य का शुभारम्भ नारियल तोड़कर व मन्त्रोंच्चार के साथ पूजन–अर्चन कर किया गया। इस दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि अमृत सरोवर के निर्माण कार्य को बरसात होने से पहले ही पूर्ण कर लिया जाये, इसके लिए ज्यादा से ज्यादा मजदूरों की संख्या में बढ़ोत्तरी कर कार्य में तेजी लायी जाये। उन्होंने कहा कि अमृत सरोवर को नहरों से भी जोड़ने के लिए कार्य योजना बनायी जाये, जिससे आने वाले दिनों में सरोवरों में पर्याप्त मात्रा में पानी की उपलब्धता बनी रहें, इस कार्य में किसी प्रकार की शिथिलता व लापरवाही न बरती जायें। इस मौके पर मुठेर में स्थापित अमृत सरोवर का जिलाधिकारी ने जायजा लिया और इसमें नहर से पानी आ सके, इसके लिए सम्बन्धित सेक्रेटरी व ग्राम प्रधान से जानकारी प्राप्त की तो यह बताया गया कि पास ही में नहर है, जिससे पानी आ सकता है, जिस पर सम्बन्धित अधिकारी को निर्देशित किया कि सरोवर को नहर से जोड़ने के लिए जल्द से जल्द ठोस कार्ययोजना तैयार कर पानी की उपलब्धता के लिए कार्य में तेजी जायें। मुठेर में स्थापित अमृत सरोवर निर्माण शुभारंभ के मौके पर मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार ने कहा कि जिले के अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य में तेजी लाया जायेगा, इसके लिए सम्बन्धित अधिकारी और कर्मचारी पूरी क्षमता व संसाधनों का प्रयोग कर जल्द से जल्द इस कार्य को पूरा करने में सकारात्मक सहयोग देकर अपनी अहम भूमिका निभायेंगें। इन सरोवरों के निर्माण कार्य के पूरा होने पर जल स्तर को बढ़ावा मिलने के साथ ही लोगों को पानी उपलब्ध हो सकेगा, साथ ही पशुओं, पक्षियों को भी राहत मिलेगी और जरूरी व उपयोगी कार्य किया जा सकेगा, मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि निर्माण कार्य को वर्षा ऋतु से पहले पूर्ण कराने का भरसक प्रयास किया जायेगा। उन्होंने बताया कि अमृत सरोवरों के निर्माण के दौरान साफ–सफाई व सुन्दरता के दृष्टिगत घाट, इण्टरलाकिंग, सीढ़ी, आउटलेट, इनलेट, चेम्बर आदि का निर्माण कार्य भी कराया जायेगा। इसी प्रकार से आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ अमृत सरोवर अभियान के तहत ग्राम पंचायत बचरा में मा0 ब्लाक प्रमुख अजीत रावत, ग्राम पंचायत डोहरी में विधायक घोरावल के प्रतिनिधि सुरेन्द्र मौर्या, ब्लाक म्योरपुर के ग्राम पंचायत राजा सरई में मा0 विधायक दुद्धी रामदुलार गौड़, ब्लाक कोन के ग्राम पंचायत पिण्डारी में ब्लाक प्रमुख कोन रूबी मिश्रा द्वारा अमृत सरोवरों का मन्त्रोंच्चार के साथ पूजन अर्चन कर उद्घाटन व शुभारंभ किया गया। पंचायत तालुका मुठेर के अमृत सरोवर के निर्माण कार्य के शुभारम्भ के मौके पर जिला विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान, डी0सी0 मनरेगा रमेश यादव, सेक्रेटरी, ग्राम प्रधान देवी कुमारी, ग्रामीणजन सहित अन्य सम्बन्धितगण उपस्थित रहें।

## जनपद गोण्डा के समस्त ब्लॉक मे प्रथम संस्था द्वारा समर कैम्प का आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

मोतीगंज गोंडा ! जनपद गोंडा के समस्त ब्लॉकों मे प्रथम संस्था



के प्रशिक्षक शिवेंद्र वर्मा, दुर्गा प्रसाद द्विवेदी के द्वारा कई इंटर कालेज मे जाकर कक्षा 10 ध्12 के पढ़ने वाले बच्चों को समर कैम्प में प्रशिक्षण दिया गया । प्रशिक्षक शिवेंद्र वर्मा ने बताया कि इस समर कैंप के माध्यम से कक्षा 10एवम 12 मे पढ़ने वाले बच्चे ग्रीष्मावकाश में कक्षा 4,5,6 में पढ़ने वाले बच्चों को प्रतिदिन 1से 2 घंटे तक शिक्षण कार्य मे सहयोग करेंगे एवम प्रतिदिन थोड़ा थोड़ा पढ़ने के लिए प्रोत्साहित करेंगे। प्रशिक्षक दुर्गा प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि यह प्रशिक्षण आदर्श शिक्षण संस्थान मुजेहना, स्व0. चन्द्र शेखर इंटर कालेज, देहातीय इंटर कालेज एवम कई अन्य इंटर कालेज मे जाकर समर कैम्प का आयोजन करके प्रशिक्षण प्रदान किया गया। इस कैम्प मे शामिल होने वाले बच्चे अपने घर के आसपास के कक्षा 4ध5ध6 के ऐसे बच्चों को जो अपनी कक्षा के मिनिमम लरनिंग लेवल को नहीं प्राप्त कर पाए है उन बच्चों को इंटर, हाई स्कूल मे पढ़ने वाले इन बच्चों के द्वारा अपने गांव और अपने परिवार के साथ ग्रीष्मावकाश में 1से 2 घंटे शिक्षण कार्य करते हुए कमजोर बच्चों को शैक्षणिक कार्य मे आवश्यक सपोर्ट प्रदान किया जाएगा जिससे बच्चे गर्मी की छुट्टियों में भी पढ़ाई लिखाई से दूर न हो जाए और उनका सीखने का क्रम निरंतर बना रहे।

## प्रियंका बनीं सबसे कम उम्र की अध्यक्ष

महराजगंज। जिले की दो नगर पालिका व आठ नगर पंचायतों में अध्यक्षों का निर्वाचन हो चुका है। नवनिर्वाचित अध्यक्षों में नौ की उम्र 46 से 60 के बीच है। परतावल की 32 वर्षीय प्रियंका निर्वाचित होकर जिले की सबसे कम उम्र की अध्यक्ष बनी हैं। परतावल नगर की रहने वाली प्रियंका का राजनीति से पुराना नाता रहा है। परतावल के नगर पंचायत बनने से पहले वह ग्राम धनगड़ा की प्रधान भी रह चुकी हैं। उनके कार्यकाल का तीन वर्ष ही पूरा हुआ था कि उनकी ग्राम सभा नगर पंचायत में शामिल हो गई। ऐसे में उनकी विकास की सोच अधूरी रह गई थी। नगर पंचायत बनने के बाद प्रियंका ने नगर के विकास के लिए अध्यक्ष पद चुनाव में भाग्य आजमाया व जनता का साथ व समर्थन मिलने से वह निर्वाचित घोषित हुईं। प्रियंका ने बताा कि गांव के विकास की जो सोच अधूरी रह गई थी, उसे अब नगर के विकास के रूप में पूरा करने का कार्य करेंगी। शिवनाथ सबसे अधिक उम्र के अध्यक्षः निचलौल के शिवनाथ 60 वर्ष की उम्र में अध्यक्ष बनकर सबसे अधिक उम्र के अध्यक्ष बने हैं।

# सांसद खेल महाकुंभ में प्रतिभाग करने वाले खिलाड़ियों का सासंद ने किया सम्मान

### 130 खिलाड़ियों को सांसद जगदंबिका पाल एवं मुख्य अतिथि संजीव राय के हाथों प्रमाण पत्र वितरण





मनोज बाबा/
दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। भारत सरकार के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष पर जनपद सिद्धार्थनगर में सांसद जगदंबिका पाल के संयोजन में अंतरराष्ट्रीय राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर के प्रतिभावान खिलाड़ियों का सम्मान समारोह विकासखंड नौगढ़ के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में क्षेत्रीय उपाध्यक्ष संजीव राय, एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय जनता पार्टी के दुर्गा राय,चेयरमैन नगरपालिका परिषद सिद्धार्थ नगर गोविंद माधव, जिला संयोजक भाजपा कन्हैया पासवान, जिला मंत्री अजय उपाध्याय, भाजपा नेता उमेश पांडे सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन क्रीड़ा भारती के प्रांत अध्यक्ष एवं सांसद खेल महाकुंभ आयोजन समिति के सचिव अरुण कुमार प्रजापति ने की। कार्यक्रम के शुभारंभ में विकासखंड नौगढ़ के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश मिश्रा ने मुख्य अतिथि संजीव राय एवं कार्यक्रम के संयोजक मा सांसद जगदंबिका पाल सहित विशिष्ट अतिथि चेयरमैन गोविंद माधव जिला संयोजक कन्हैया पासवान को पुष्पगुच्छ एवं माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में विकासखंड नौगढ़ के प्रतिभावान युवा खिलाड़ियों को को सम्मानित किया गया जिसमें ताइक्वांडो खेल से कोच विद्यासागर साहनी अमन द्विवेदी के नेतृत्व में ताइक्वांडो के खिलाड़ियों, नवनिर्वाचित सभासद फुटबॉल के टीम के कप्तान मनोज सिंह के नेतृत्व में फुटबॉल के खिलाड़ियों, जिला ग्राम शिक्षक उपेंद्र उपाध्याय के नेतृत्व में खो–खो के बालिका खिलाड़ियों, लक्ष्मी कांत पांडे जी के नेतृत्व में स्विमिंग के खिलाड़ियों एथलेटिक्स के खिलाड़ियों सहित विकासखंड नौगढ़ के अंतर्गत आने वाले खेल प्रशिक्षकों खंड शिक्षा अधिकारी धर्मेंद्र पाल, खेल प्रशिक्षक राम शंकर पांडे, संध्या कबीर, सरिता गौतम, सीमा द्विवेदी, माहेश्वरी पाठक, क्रीड़ा भारती के सह मंत्री अरुण कुमार त्रिपाठी, राघवेंद्र मिश्रा,नवनियुक्त सभासद जहीर सिद्दीकी,राजाराम, संपूर्णानंद देवेंद्र कुमार राजेश श्रीवास्तव क्षेत्र पंचायत सदस्य सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। विकास खंड नौगढ़ के अंतर्गत सांसद खेल महाकुंभ में प्रतिभाग करने वाले 130 खिलाड़ियों को सांसद जगदंबिका पाल एवं मुख्य अतिथि संजीव राय के हाथों प्रमाण पत्र वितरित किया गया। कार्यक्रम में क्रीड़ा भारती गोरक्ष प्रांत की तरफ से प्रांत अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति एवं प्रांत सह मंत्री अरुण कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में केंद्र से आए क्रीड़ा भारती के पत्रक का विमोचन भी किया गया तथा सभी अतिथियों को कैप बनाकर क्रीड़ा भारती की सदस्यता भी दिलाई गई। उक्त कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वह कहते संजीव राय ने कहा कि क्रीड़ा भारती एवं सांसद खेल महाकुंभ आयोजन समिति के संयुक्त प्रयास से सांसद जगदंबिका पाल ने खिलाड़ियों को एक नया आयाम दिया है तथा उनके मान सम्मान तथा उनके खेल क्षेत्र में एक नया प्लेटफार्म देने का कार्य किया है। सांसद जगदंबिका पाल ने कहा की सांसद खेल महाकुंभ एवं क्रीड़ा भारती के माध्यम से लगभग जनपद के 10000 खिलाड़ियों को जोड़कर मैं सभी खिलाड़ियों को उनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए खेल के साथ–साथ राष्ट्र के निर्माण में भूमिका निभाने का अनुरोध किया। अंत में कार्यक्रम के संयोजक सांसद जगदंबिका पाल ने सभी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए खिलाड़ियों को हर संभव मदद करने का भरोसा भी दिया साथ ही साथ सांसद खेल महाकुंभ से जुड़े हुए खिलाड़ियों को आगे खेलने के लिए कोष बनाने का भी वादा किया। अंत में विकासखंड नौगढ़ के ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि राजेश मिश्रा ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कार्यक्रम के समापन की घोषणा की।

# हत्या के दोषी जियाउल हक को उम्रकैद

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। 13 वर्ष पूर्व हुए रामगुलम हत्याकांड के मामले में सोमवार को सुनवाई करते हुए अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम खलीकुज्जमा की अदालत ने दोषसिद्ध पाकर दोषी जियाउल हक को उम्रकैद व 24 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जेल में बितायी अवधि सजा में समाहित होगी। अभियोजन पक्ष के मुताबिक चोपन थाना क्षेत्र के रणहोर गांव निवासी छोटेलाल पुत्र रामाधानी ने 18 अप्रैल 2010 को चोपन थाने में दी तहरीर में अवगत कराया था कि 17 अप्रैल 2010 को दोपहर 12.30 बजे उसकी गाय खेत खलिहान में चली गई। इसी बात को लेकर रणहोर गांव निवासी जियाउल हक व एनुल हक पुत्रगण अलीमुद्दीन ने उसके लड़के अंबिका प्रसाद,चहेरा भाई श्यामनारायण व हरिनारायण, चाची भगवती देवी, चाचा रामगुलाम को गाली देते हुए लाठी डंडे से मारपीट कर चोटें पहुंचाई गई। प्राणघातक चोट लगने की वजह से चाचा रामगुलाम की मौत हो गई। इस तहरीर पर सगे भाइयों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की गई। मामले की विवेचना के दौरान पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में सगे भाइयों जियाउल हक व एनुल हक के विरुद्ध चार्जशीट दाखिल किया था। मामले की सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान व पत्रावली का अवलोकन करने पर दोषसिद्ध पाकर दोषी जियाउल हक को उम्रकैद व 24 हजार रूपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अर्थदंड न देने पर 6 माह की अतिरिक्त कैद भुगतनी होगी। जबकि दूसरे अभियुक्त रहे एनुल हक की दौरान विचारण मौत हो गई। अभियोजन पक्ष की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता कुंवर वीर प्रताप सिंह ने बहस की।

# मंत्री मत्स्य बिभाग डा, संजय निषाद का आगमन आज

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र । मंत्री मत्स्य विभाग उत्तर प्रदेश डॉ0 संजय कुमार निषाद का जनपद में 16 मई, 2023 को भ्रमण कार्यक्रम निर्धारित है। मा0 मंत्री जी 16 मई, 2023 पूर्वान्ह 10.00 बजे निरीक्षण भवन सोनभद्र में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठकध्प्रेस कांफ्रेंस करेंगें, पूर्वान्ह 11.00 बजे जिले में संचालित विभिन्न योजनाओं का भौतिक निरीक्षण करेंगें, मध्यान्ह 12.30 बजे निषाद पार्क आदर्श नगर चोपन में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारियों के द्वारा मंत्री जी का सम्मान समारोह किया जायेगा।

# जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक
बुद्ध का संदेश

# पुनः बने सभासद सूरज मोदनवाल



दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर ।नगर क्षेत्र के अद्याप्रसाद नगर वार्ड से नव निर्वाचित सभासद सूरज मोदनवाल ने वार्ड के मतदाताओं से मिले अपार सहयोग ,प्यार और मतरूपी आशिर्वाद के लिए आभार ज्ञापित किया है ।सोमवार को एक भेंट के क्रम में उन्होंने वार्ड के नागरिको के प्रति आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि नागरिको का यह ऋण वार्ड के चूमुखी विकास के रूप में ब्याज सहित प्रतिफलित होगा ।गौरतलब है कि सूरज मोदनवाल हाल ही में संपन्न हुए निकाय चुनाव में सम्बंधित वार्ड से सभासद पद के लिए शानदार जीत दर्ज कराया है ।वार्ड के मतदाताओं के पहले पसंद के रूप में निर्वाचित युवा सूरज मोदनवाल ने बताया कि वार्ड में मूलभूत सुविधाओं मुहैया कराते हुए नागरिको के भरोसे पँर खरा उतरना उनकी पहली प्रमुखता होगी।

# 105 अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य का शुभारंभ

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। आजादी के अमृत महोत्सव पर प्रधान मंत्री नरेन्द्र



मोदी द्वारा प्रारम्भ अमृत सरोवर अभियान के तहत सोमवार को जनपद में 105 अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य का शुभारम्भ जनप्रतिनिधियों के माध्यम से किया गया है। इसी क्रम में जिलाधिकारी चन्द्र विजय सिंह व मुख्य विकास अधिकारी सौरभ गंगवार द्वारा नारियल तोड़कर मन्त्रोंच्चार के साथ पंचायत तलुका मुठेर के अमृत सरोवर के कार्य का शुभारम्भ किया गया, निर्माण कार्य को वर्षा ऋतू से पहले पूर्ण कराने के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिया गया।

# गोरखपुर वाराणसी नेशनल हाईवे पर सड़क हादसा, मारुती से टकराई टेम्पू , यात्री घायल



दैनिक बुद्ध का संदेश

गोरखपुर ।वाराणसी एनएच–29 पर खड़ी मारुती ग्रांड विटारा के पीछे तेज रफ्तार से आ रही टेम्पू के जोरदार टक्कर से टेम्पू ही पलट गई जिसमे सवार सात लोगों चोट आई। जोरदार टक्कर से टेम्पू खुद पलट गई.जिससे ड्राइवर राम प्रवेश समेत सवार सात पैसेंजर को चोट आई जिसमे तीन लोगो गंभीर चोट लगी है।

जिन्हे ग्रामीणों के मदद से अस्पताल भेज दिया गया ।घायल सातों व्यक्ति भंडारी थे जो कौड़ीराम से गोरखपुर मांगलिक कार्यक्रम में खाना बनाने जा रहे थे।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

# गर्मियों में घर पर बनाएं ये 5 तरह की आइसक्रीम, आसान है इनकी रेसिपी



गर्मियों के मौसम में आइसक्रीम का सेवन न सिर्फ शरीर को ठंडक देता है, बल्कि इससे ताजगी भी महसूस होती है। हालांकि, बाजार में मिलने वाली आइसक्रीम में आर्टिफिशियल रंग और स्वाद का इस्तेमाल होता है। इस कारण उनका सेवन स्वास्थ्य के लिए ठीक नहीं होता है। ऐसे में आप घर पर ही ताजा फलों के इस्तेमाल से आइसक्रीम बना सकते हैं, जो स्वाद और स्वास्थ्य दोनों में बेहतरीन हैं। आइए इस तरह की 5 आइसक्रीम की रेसिपी जानते हैं।

तरबूज की आइसक्रीम

सबसे पहले एक ब्लेंडर में कटा हुआ तरबूज, दही, दूध, चीनी, इलायची पाउडर और चुटकी भर नमक डालकर अच्छे से ब्लेंड कर लें। इसके बाद इस मिश्रण को आइसक्रीम के सांचे में डालकर उसके बीच में एक डंडी लगाएं और फिर इसे करीब 5 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। जब आइसक्रीम अच्छे से जम जाए तो इसके स्वाद का आनंद लें। आप गर्मियों में तरबूज से बने इन व्यंजनों को भी ट्राई कर सकते हैं।

आम की आइक्रीम

सबसे पहले एक ब्लेंडर में कटे हुए पके आम, दूध, चीनी (स्वादानुसार) और इलायची पाउडर डालकर अच्छे से ब्लेंड कर लें। इसके बाद इस मिश्रण को आइसक्रीम के सांचे में डालकर बीच में एक डंडी लगाएं और फिर इसे 5 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। अगर आपको आइसक्रीम पसंद नहीं है तो घर पर ये 5 मोजितो बनाकर भी पी सकते हैं।

खीरे और पुदीने की आइसक्रीम

इस आइसक्रीम को बनाने के लिए सबसे पहले एक ब्लेंडर में खीरा (कटा हुआ), नींबू का रस, चीनी और कुछ ताजा पुदीने की पत्तियां डालकर ब्लेंड करें। अब इस मिश्रण को आइसक्रीम के सांचे में डालकर उसके बीच में एक डंडी लगाएं और फिर इसे रातभर के लिए फ्रिज में रख दें। यह आइसक्रीम दोपहर के समय खाने के लिए एकदम परफेक्ट है। इसका स्वाद भी आपको अलग अहसास देगा।

बेरीज आइसक्रीम

ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी और ब्लैकबेरी जैसी रसीली और स्वादिष्ट बेरीज पोषक तत्वों से भरपूर होती हैं। ऐसे में इनसे बनी आइसक्रीम का सेवन गर्मियों के लिए बेहतरीन है। सबसे पहले एक ब्लेंडर में ब्लूबेरी, स्ट्रॉबेरी, ब्लैकबेरी, नींबू का रस और चीनी डालकर अच्छी तरह से ब्लेंड करें। अब मिश्रण को आइसक्रीम के सांचे में डालकर उसके बीच में एक डंडी लगाएं और फिर इसे करीब 8 घंटे के लिए फ्रिज में रख दें। आइसक्रीम के जमने के बाद उसका स्वाद लें।

ब्लूबेरी और नारियल की आइसक्रीम

सबसे पहले एक सॉस पैन में ताजा ब्लूबेरी, मेपल सिरप और पानी डालकर अच्छी तरह से पका लें और फिर इसे ठंडा होने दें। अब नारियल के दूध को बादाम के दूध और मेपल सिरप के साथ मिलाकर फेंटें। इसके बाद आधे आइसक्रीम के सांचे में ब्लूबेरी का मिश्रण डालें और फिर बाकी के आध ो में नारियल के दूध वाला मिश्रण डाल दें। अंत में इस सांचे के बीच में डंडी लगाकर इसे रातभर के लिए फ्रीज में रख दें।

# सान्या मल्होत्रा की फिल्म कटहल का ट्रेलर जारी

ब्लॉकबस्टर बॉलीवुड फिल्म दंगल फेम एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा किसी अलग पहचान की मोहताज नहीं हैं. आने वाले समय में



सान्या मल्होत्रा फिल्म कटहल में नजर आने वाली हैं. इस फिल्म के टाइटल ने फैंस की एक्साइटमेंट को काफी हाई कर रखा है. अब इस एक्साइटमेंट को दोगुना करने के लिए फिल्म कटहल का मजेदार ट्रेलर सामने आ गया है. जिसमें पुलिस इंस्पेक्टर के रोल में एक्ट्रेस सान्या मल्होत्रा कटहल की तलाश करती नजर आ रही हैं. मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स इंडिया ने अपने ऑफिशियल यूट्यूब चौनल पर फिल्म कटहल का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज किया है. फिल्म कटहल के इस ट्रेलर में आप देख सकते हैं कि सूबे के मंत्री के घर से दो कटहल चोरी हो जाते हैं. जिसके लिए वह पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराते हैं, अब भैय्या नेता जी के घर से कोई चोरी हो और पुलिस एक्शन न ले तो ऐसा हो ही नहीं सकता. पुलिस इंस्पेक्टर के किरदार में सान्या मल्होत्रा मंत्री के घर से चोरी हुए दो कटहल की तलाश जारी कर देती हैं. इस कॉमेडी फिल्म कहानी की इन्हीं दो कटहलों की खोजबीन के इर्द गिर्ज घूमती हुई नजर आती है. 2 मिनट 29 सेंकेंड के कटहल के इस ट्रेलर में आपको एक से बढ़कर एक कॉमेडी डायलॉग डिलीवरी देखने को मिलेगी, जिसे देख आपको वाकई मजा आ जाएगा. सान्या मल्होत्रा स्टारर फिल्म कटहल मशहूर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज की जाएगी. आने वाली 19 मई को फिल्म कटहल की ऑनलाइन स्ट्रीमिंग नेटफ्लिक्स पर की जाएगी. सान्या मल्होत्रा के अलावा इस फिल्म बॉलीवुड के मशहूर कलाकार राजपाल यादव और विजय राज लीड रोल में मौजूद हैं. जबकि फिल्म कटहल का डायरेक्शन हिंदी सिनेमा के फेमस फिल्ममेकर यशोवर्धन मिश्रा ने किया है.




# मिस इंडिया 2023 नंदिनी गुप्ता की बॉलीवुड में एंट्री, बनेंगी वेलकम 3 की हीरोइन



राजस्थान की नंदिनी गुप्ता ने फेमिना मिस इंडिया वर्ल्ड 2023 का खिताब अपने नाम किया था। वह एक बार फिर सुर्खियों में आ गई हैं। अब जो खबर आ रही है, उससे बेशक नंदिनी के प्रशंसकों की खुशी का ठिकाना नहीं रहेगा। दरअसल, सुनने में आ रहा है कि वेलकम के तीसरे भाग वेलकम 3 में उनकी एंट्री हो गई है। वह फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने वाली हैं। आइए जानते हैं क्या कुछ जानकारी मिली है।

रिपोर्ट के मुताबिक, नंदिनी वेलकम 3 की लीड हीरोइनों में से एक होंगी। वेलकम एक बड़ी फ्रेंचाइजी है और इसके लिए निर्माताओं ने नंदिनी के नाम पर मोहर लगा दी है। फिल्म में 3 हीरोइनें होंगी, जिनमें से एक के लिए नंदिनी का नाम फाइनल कर दिया गया है। नंदिनी ने फिल्म में खासी दिलचस्पी दिखाई है, लेकिन उन्होंने अभी इसे साइन नहीं किया है। दरअसल, फिलहाल निर्माता हेरा फेरी 3 पर फोकस कर रहे हैं।

हेरा फेरी 3 के बाद निर्माता पूरी तरह से वेलकम 3 के काम पर जुटेंगे। फिल्म के प्री–प्रोडक्शन का काम शुरू हो चुका है। इसकी कास्टिंग से जुड़ी आए दिन नई–नई खबरें सामने आ रही हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि इसमें अरशद वारसी और संजय दत्त की जोड़ी देखने को मिलेगी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, हेरा फेरी 3 की शूटिंग जब अंतिम चरण में होगी तब या इसकी रिलीज के बाद वेलकम 3 की शूटिंग शुरू हो जाएगी। मजनू भाई से लेकर आरडीएक्स तक का नाम सुनते ही सबके दिमाग में वेलकम का नाम आता है। इस फिल्म के हर सीन ने पेट पकड़कर हंसने पर मजबूर कर दिया था। 2015 में आए इसके सीच्ल वेलकम बैक ने भी दर्शकों को खूब हंसाया। जब नंदिनी से पूछा गया था कि क्या वह फिल्मों में कदम रखना चाहेंगी तो उन्होंने जवाब दिया था, बॉलीवुड में मौका मिला तो कोन नहीं जाना चाहेगा? मुझे मिला तो जरूर जाऊंगी। बता दें कि एक्टिंग करने से पहले बॉलीवुड की कई अभिनेत्रियों के सिर मिस इंडिया का ताज सज चुका है। इस फेहिरस्त में जीनत अमान से लेकर, संगीता बिजलानी, जूही चावला, मीनाक्षी शेषाद्रि और नम्रता शिरोड़कर जैसी कई हीरोइनों का नाम शामिल है।

19 साल की नंदिनी कोटा की रहने वाली हैं। उन्होंने बिजनेस मैनेजमेंट की डिग्री ली है। मिस इंडिया संगठन के मुताबिक, नंदिनी के लिए रतन टाटा सबसे प्रभावशाली व्यक्ति हैं। उन्होंने एक इंटरव्यू में कहा था, रतन टाटा मानवता के लिए सब कुछ करते हैं और अपनी आय का बड़ा हिस्सा दान में देते हैं। वह हमेशा जमीन से जुड़े रहते हैं। नंदिनी को प्रियंका चोपड़ा भी प्रभावित करती हैं। प्रियंका उन्हें उनकी असंख्य उपलब्धियों के कारण प्रेरित करती हैं।

# अक्षय कुमार ने वीडियो सॉन्ग क्या लोगे तुम का शेयर किया पोस्टर

बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार फिल्मों के अलावा कई म्यूजिक वीडियो में नजर आ चुके हैं. फिलहाल और फिलहाल 2 जैसे गानों



को उनके फैंस ने बहुत पसंद किया. अब अक्षय कुमार ने अपने लेटेस्ट म्यूजिक वीडियो की जानकारी फैंस के साथ शेयर की है. उन्होंने सोशल मीडिया पर नए सॉन्ग का पोस्टर शेयर किया है, जिसे जमकर लाइक और शेयर किया जा रहा है. अक्षय कुमार ने इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने अपकमिंग वीडियो सॉन्ग क्या लोगे तुम का एक पोस्टर शेयर किया है, जिसमें उनके साथ अमायरा दस्तूर नजर आ रही हैं. पोस्टर में देखा जा सकता है कि अक्षय कुमार ब्लैक आउटफिट में नजर आ रहे हैं. वह गुस्से से अमायरा दस्तूर की तरफ देख रहे हैं. वहीं, एक्ट्रेस रोते हुए दिख रही हैं. इस पोस्टर को शेयर करते हुए अक्षय कुमार ने कैप्शन में बताया कि ये एक हार्ट ब्रेकिंग सॉन्ग है, जो 15 मई, 2023 को शाम 6 बजे रिलीज होगा. इस गाने को मशहूर सिंगर बी प्राक ने अपनी आवाज दी है और इसे सॉन्ग राइटर जानी ने लिखा है. इससे पहले जानी और बी प्राक के साथ अक्षय कुमार फिलहाल और फिलहाल 2 जैसे गानों में काम कर चुके हैं. अक्षय कुमार के फैंस बेसब्री से उनके इस गाने की रिलीज का इंतजार कर रहे हैं. वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार पिछली बार फिल्म सेल्फी में दिखे थे, जो बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह पिट गई थी. अब एक्टर फिल्म बड़े मियां छोटे मियां में नजर आएंगे जो अगले साल 2024 में ईद के मौके पर रिलीज होगी. ये एक एक्शन फिल्म है जिसका टाइगर श्रॉफ भी हिस्सा हैं. इस मूवी का डायरेक्शन अली अब्बास जफर ने किया है.

# बड़े काम आ सकता है पुदीना, जानिए इस्तेमाल करने के 5 तरीके



पुदीना फाइबर, आयरन, विटामिन ए, फोलेट और मैंगनीज जैसे पोषक तत्वों से भरपूर होता है। डाइट में ताजे पुदीने की पत्तियों को शामिल करने से अपच से राहत मिलती है, दिमाग के काम करने की क्षमता में सुधार होता है और मुंह से आने वाली बदबू को दूर किया जा सकता है। पुदीने का इस्तेमाल कई अन्य कामों के लिए भी किया जा सकता है। आइए आज इसी से जुड़े 5 तरीके जानते हैं।

मुंह की बदबू होगी दूर

पुदीने की पत्तियों का इस्तेमाल मुंह की बदबू को दूर करने के लिए किया जा सकता है। इसके लिए आपको खाना खाने के बाद पुदीने की 1 से 2 पत्तियों को चबाना है और फिर पानी से कुल्ला करना है। पुदीने की पत्तियां न सिर्फ मुंह की बदबू को दूर कर सकती हैं बल्कि ये मुंह में मौजूद कीटाणुओं और जहरीले तत्वों से भी छुटकारा दिला सकती हैं। इससे ये मुंह की बदबू का कारण नहीं बन पाएंगे।

मिंट शुगर बनाएं

मिंट शुगर को सलाद, बटर टोस्ट, कुकीज और मफिन के ऊपर छिड़कर खाया जाता है। इससे इनका स्वाद बढ़ जाता है। इसके अलावा इसका इस्तेमाल चाय और फल के साथ भी आराम से किया जा सकता है। इसे बनाने के लिए कुछ पुदीने की पत्तियों के साथ चीनी को फूड प्रोसेसर में ब्लेंड करें। इसे रात भर हवा में सूखने दें और फिर इस मिश्रण को एक जार में भर कर रख लें।

बालों के लिए इस तरह बनाएं शैंपू

पुदीना से बना शैंपू ड्राई स्कैल्प और बालों की समस्या को दूर करने में मददगार है। यह एंटी–सेप्टिक हीलिंग गुणों से भरपूर होता है, जो स्कैल्प के रूखेपन, खुजली और डैंड्रफ को दूर करने में भी मदद करता है। इसके लिए कैस्टाइल सोप, नारियल का दूध, ग्लिसरीन और डिस्टिल वॉटर को साथ मिलाकर अच्छे से फेंटें। अब इस मिश्रण में सेब का सिरका, जोजोबा ऑयल, शिया बटर, पुदीने का जूस और पेपरमिंट एसेंशियल ऑयल मिलाकर इस्तेमाल करें।

कीटनाशक के रूप में करें इस्तेमाल

तीखी गंध, औषधीय और अरोमाथेराप्यूटिक गुणों से भरपूर पुदीना मच्छरों, मक्खियों और चींटियों जैसी रोजमर्रा कीटों की परेशानियों को घर से दूर रखने में मदद करता है। दरअसल, पुदीने की पत्तियों में मौजूद मेन्थॉल मच्छरों और माइट्स के लिए कीटनाशक का काम करता है। इसके लिए आप घर के दरवाजे, खिड़की, बालकनी या प्रवेश द्वार के आसपास पुदीने की ताजी पत्तियां या पौधा रख सकते हैं।

पुदीने की चाय बनाएं

पुदीने की चाय न केवल पाचन के लिए अच्छी होती है बल्कि यह सर्दी–खांसी के लक्षणों और तनाव को भी कम करती है। इसके अलावा यह चाय बिना किसी वसा या कोलेस्ट्रॉल के एंटी–ऑक्सीडेंट, आयरन, पोटेशियम, सोडियम और विटामिन ए से भरपूर होती है। इसके लिए ताजे पुदीने के पत्तों को तोड़कर एक बर्तन में मसल लें और फिर उसमें गर्म पानी डालें। इसके करीब 10 मिनट बाद इसका सेवन करें।